देश का Darpan News TV
दैनिक समाचार पत्र
# देश का दर्पण न्यूज
राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हरियाणा, दिल्ली व महाराष्ट्र से प्रकाशित
अब आपके मोबाइल पर डिजिटिल अखबार
प्रदेश के ताजा समाचार
अपने लेख एवं समचार भेंजे
सम्पादक : उमेन्द्र राजपूत
7014997449, 9636058201
Email : deshkadarpannews@gmail.com
web.: www.deshkadarpannews.co
वर्ष-5, अंक:157
जयपुर, मंगलवार, 19 अगस्त 2025
मूल्य : 5.00 पेज:

Comming Soon
काम करने के लिए सम्पर्क करे

## शरद पवार बोले- 1978 में वसंतदादा सरकार गिराई, फिर भी 10 साल बाद सीएम पद के लिए मेरा नाम आगे बढ़ाया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के अध्यक्ष शरद पवार ने कहा है कि उन्होंने 1978 में वसंतदादा पाटिल के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार को गिराने की पहल की थी। इसके बावजूद उन्होंने एक दशक बाद मुख्यमंत्री पद के लिए उनका नाम आगे बढ़ाया। शरद पवार ने शनिवार को पुणे में एक कार्यक्रम में कहा कि उस समय कांग्रेस के पास इस तरह का उदार हृदय वाला नेतृत्व था।

शरद पवार ने 1999 में कांग्रेस से नाता तोड़ लिया था और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) बनाई। जुलाई 2023 में शरद पवार के भतीजे अजित पवार के तत्कालीन शिवसेना-भाजपा गठबंधन सरकार में शामिल होने के बाद एनसीपी दोफाड़ हो गई।

**पुरानी यादों में खोए शरद पवारः** 84 साल के राज्यसभा सांसद महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री भी रहे। उन्होंने याद किया कि आपातकाल के बाद यह भव्य पुरानी पार्टी कांग्रेस (इंदिरा) और स्वर्ण सिंह कांग्रेस में विभाजित हो गई। उस समय वह अपने गुरु यशवंतराव चव्हाण के साथ स्वर्ण सिंह कांग्रेस में ही रहे, लेकिन बाद में हुए चुनावों में किसी भी पक्ष को स्पष्ट बहुमत नहीं मिला।

**प्रमुख विरोधियों में से एक था, इसलिए सरकार गिराई**

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा, आखिरकार हम एकजुट हुए और वसंतदादा को मुख्यमंत्री बनाया। हालांकि, हममें से कई युवा कार्यकर्ताओं में कांग्रेस (आई) के प्रति नाराजगी थी, क्योंकि हम चव्हाण साहब के साथ जुड़े हुए थे। इसलिए एक दूरी थी। दादा ने इसे पाटने की कोशिश की, लेकिन हमने इसका विरोध किया। उन्होंने याद करते हुए कहा, मैं प्रमुख विरोधियों में से एक था। इस वजह से हमने सरकार गिराने का फैसला किया और हमने ऐसा किया। मैं मुख्यमंत्री बना।

**कांग्रेस में ऐसा ही उदार नेतृत्व था**

शरद पवार ने कहा, मैं ऐसा क्यों कह रहा हूं? क्योंकि 10 साल बाद हम सब फिर से एकजुट हो गए थे। उन्होंने आगे कहा कि जब अगले मुख्यमंत्री के नाम पर फैसला लेने के लिए बैठक बुलाई गई तो कई नामों पर चर्चा हुई - रामराव आदिक, शिवाजीराव निलंगेकर। पवार ने कहा, लेकिन दादा ने कहा कि अब और चर्चा नहीं। हमें पार्टी का पुनर्निर्माण करना है। शरद इसका नेतृत्व करेंगे। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, कल्पना कीजिए कि जिस नेता की सरकार मैंने गिराई, उसने सब कुछ दरकिनार कर दिया और विचारधारा के लिए एकता को चुना। कांग्रेस में ऐसा ही उदार नेतृत्व था।

## धामी कैबिनेट का बड़ा फैसला, प्रदेश में होगा उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन

एजेंसी

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में आज राज्य सचिवालय में उत्तराखंड कैबिनेट की बैठक संपन्न हुई। बैठक में 19 अगस्त से भराड़ीसैंण विधानसभा में आयोजित मानसून सत्र में पेश होने वाले विधेयक व अध्यादेश के प्रस्ताव रखे गए।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रदेश में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा। इसके लिए विधानसभा सत्र में उत्तराखंड अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान अधिनियम, 2025 विधेयक लाया जाएगा। अभी तक अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा केवल मुस्लिम समुदाय को मिलता था। प्रस्तावित विधेयक के अंतर्गत अब अन्य अल्पसंख्यक समुदायों जैसे - सिख, जैन, ईसाई, बौद्ध एवं पारसी को भी यह सुविधा मिलेगी। यह देश का पहला ऐसा अधिनियम होगा जिसका उद्देश्य राज्य में अल्पसंख्यक समुदायों द्वारा स्थापित शैक्षिक संस्थानों को मान्यता प्रदान करने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया स्थापित करना है। साथ ही शिक्षा में गुणवत्ता और उत्कृष्टता सुनिश्चित करना है।

**अधिनियम की मुख्य विशेषताएं**

1 - प्राधिकरण का गठन - राज्य में उत्तराखंड राज्य अल्पसंख्यक शिक्षा प्राधिकरण का गठन किया जाएगा, जो अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा प्रदान करेगा।

2 - अनिवार्य मान्यता - मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन या पारसी समुदाय द्वारा स्थापित किसी भी शैक्षिक संस्थान को अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थान का दर्जा पाने के लिए प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त करना अनिवार्य होगा।

3 - संस्थागत अधिकारों की सुरक्षा - अधिनियम अल्पसंख्यक शैक्षिक संस्थानों की स्थापना एवं संचालन में हस्तक्षेप नहीं करेगा, बल्कि यह सुनिश्चित करेगा कि शिक्षा की गुणवत्ता और उत्कृष्टता बनी रहे।

4 - अनिवार्य शर्तें - मान्यता प्राप्त करने के लिए शैक्षिक संस्थान का सोसाइटी एक्ट, ट्रस्ट एक्ट या कंपनी एक्ट के अंतर्गत पंजीकरण होना आवश्यक है। भूमि, बैंक खाते एवं अन्य संपत्तियां संस्थान के नाम पर होनी चाहिए। वित्तीय गड़बड़ी, पारदर्शिता की कमी या धार्मिक एवं सामाजिक सद्भावना के विरुद्ध गतिविधियों की स्थिति में मान्यता वापस ली जा सकती है।

5 - निगरानी एवं परीक्षा - प्राधिकरण यह सुनिश्चित करेगा कि शिक्षा उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा बोर्ड द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार दी जाए और विद्यार्थियों का मूल्यांकन निष्पक्ष एवं पारदर्शी हो।

## बेंगलुरु में चार मंजिला इमारत में आग लगने से पांच लोगों की मौत

एजेंसी

**बेंगलुरु** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में केआर मार्केट के पास नागरथपेटे में एक चार मंजिला व्यावसायिक इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के चार सदस्यों सहित पांच लोगों की मौत हो गई। इमारत में अभी भी कई लोगों के फंसे होने की आशंका जताई जा रही है।मौके पर पहुंचे दमकल कर्मी आग बुझाने और इमारत में फंसे लोगों को निकालने में जुटे हुए हैं। इस हादसे के मृतकों की पहचान मूल रूप से राजस्थान रहने वाले मदन (38), उनकी पत्नी संगीता (33), मितेश (8) और विहान (5) के रूप में हुई है। ये सभी एक ही परिवार के सदस्य थे, जबकि सुरेश, जो कि दूसरी मंजिल पर काम करते थे, उनकी भी इस त्रासदी में मौत हो गयी है। पुलिस के अनुसार इमारत के भूतल पर प्लास्टिक मैट के गोदाम में लगी आग तेज़ी से फैल गई। देखते ही देखते आग इमारत की तीसरी मंजिल तक पहुंच गयी और वहां रहने वाले राजस्थान निवासी मदन कुमार, उनकी पत्नी संगीता और बच्चे विहान व नितेश आग में फंस गए। आग में जलने की वजह से उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, पहली मंजिल पर काम कर रहे मजदूर सुरेश की भी मौत हो गई है। बेंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा किया और निरीक्षण किया। उन्होंने अभी भी इमारत में कई लोगों के फंसे होने की आशंका व्यक्त की है।

## दही हांडी उत्सव में अलग-अलग हादसों में दो की मौत, 200 से अधिक घायल

**मुंबई।** देशभर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। मथुरा और वृंदावन से लेकर देश के कोने-कोने में मंदिरों को भव्य रूप से सजाया गया, और रात 12 बजे श्रीकृष्ण की भव्य आरती के साथ उनका जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। हालांकि, महाराष्ट्र में जन्माष्टमी पर हुए दही हांडी उत्सव के दौरान अलग-अलग हादसों में बड़ी दुर्घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक घायल हो गए। महाराष्ट्र के मानखुर्द एक व्यक्ति की दही हांडी बांधते हुए मौत हो गई, जिसकी पहचान जगमोहन शिवकिरण चौधरी के रूप में हुई है। वह दही



हांडी बांधते समय पहली मंजिल से गिरकर अपनी जान गंवा बैठे। उन्हें तुरंत शताब्दी गोवंडी अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित किया गया। बीएमसी और सरकारी अस्पतालों से मिली जानकारी के अनुसार, शनिवार रात 12-30 बजे तक 210 व्यक्तियों के घायल होने की सूचना मिली, जिनमें से 68 का इलाज चल रहा है और 142 को डिस्चार्ज कर दिया गया। सेंट्रल मुंबई के अस्पतालों में 91 घायल दर्ज किए गए, जिनमें से 60 का इलाज जारी है और 31 को छुट्टी दे दी गई। अस्पतालों से मिली जानकारी के अनुसार, घायल लोगों का डॉक्टरों की निगरानी में इलाज जारी है। संभवत रविवार-सोमवार तक सभी गोविंदाओं को अस्पताल से छुट्टी दे दी जाएगी।

## झारखंड के साहिबगंज में अवैध खनन पर कार्रवाई, दर्जनों मशीनें जब्त, माफियाओं में हड़कंप

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज जिला प्रशासन ने अवैध खनन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। प्रशासन ने मंडरो अंचल के मिर्जाचौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत भुतहा मौजा में छापेमारी की। इस दौरान अवैध खदान से खनन में प्रयुक्त दर्जनों मशीनों को जप्त किया गया। टास्क फोर्स की टीम की इस कार्रवाई के बाद खनन माफियाओं के बीच हड़कंप मच गया है। साहिबगंज सदर एसडीओ अमर जॉन आईंद ने इस अभियान का नेतृत्व किया। खनन टास्क फोर्स की टीम के साथ अचानक की गई इस छापेमारी में देखा गया कि स्टार इंडिया खदान के पास बड़े पैमाने पर अवैध खनन चल रहा था। जैसे ही प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची, वहां खनन में लगी कई गाड़ियां फरार हो गई। हालांकि, मौके पर मौजूद दर्जनों वाहन और मशीनें जब्त कर ली गईं। एसडीओ अमर जॉन आईंद ने समाचार एजेंसी आईएएनएस को बताया कि उन्हें लगातार सूचना मिल रही थी कि इस इलाके में अवैध खनन हो रहा है। सत्यापन के लिए छापेमारी की गई और मौके पर भारी मात्रा में अवैध खनन पकड़ा गया। उन्होंने कहा कि जांच में जुटी टीम फरार खननकर्ताओं और वाहनों की पहचान करने में जुट गई है।

## लोकतंत्र को मजबूत बनाती हैं शुद्ध मतदाता सूचियां : चुनाव आयोग

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने एक प्रेस नोट जारी कर कहा कि शुद्ध मतदाता सूचियां लोकतंत्र को मजबूत बनाती हैं। मतदाता सूची तैयार करने के प्रत्येक चरण में राजनीतिक दलों की भागीदारी और मतदाताओं एवं राजनीतिक दलों को त्रुटियों को सुधारने के लिए उचित समय और अवसर दिया जाता है। भारत निर्वाचन आयोग ने कहा कि देश में संसद और विधानसभा चुनावों के लिए चुनाव प्रणाली कानून द्वारा परिकल्पित एक बहुस्तरीय विकेंद्रीकृत संरचना है। चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों के आधार पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (आईआरओ), जो एसडीएम स्तर के अधिकारी होते हैं, बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) की सहायता से मतदाता सूची (आईआर) तैयार करते हैं और उसे अंतिम रूप देते हैं। ईआरओ और बीएलओ मतदाता सूची की शुद्धता की जिम्मेदारी लेते हैं। उन्होंने कहा




कि मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद उसकी डिजिटल और फिजिकल कॉपियां सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाती हैं और सभी के देखने के लिए ईसीआई वेबसाइट पर डाल दी जाती हैं। मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद, अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित होने से पहले दावे और आपत्तियां दाखिल करने के लिए मतदाताओं और राजनीतिक दलों के पास पूरे एक महीने का समय उपलब्ध होता है। चुनाव आयोग ने कहा कि अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद डिजिटल और फिजिकल कॉपियां फिर से सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाती हैं और ईसीआई वेबसाइट पर प्रकाशित की जाती हैं। अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद अपील की दो-स्तरीय प्रक्रिया उपलब्ध होती है, जिसमें पहली अपील जिला मजिस्ट्रेट (डीएम) के पास और दूसरी अपील प्रत्येक राज्य या केंद्र शासित प्रदेश के ईसीओ के पास की जा सकती है। कानून, नियमों और दिशानिर्देशों के अनुसार मतदाता सूची तैयार करने की पहचान अत्यधिक पारदर्शिता है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसा लगता है कि कुछ राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तरीय एजेंटों (बीएलए) ने उचित समय पर मतदाता सूचियों की जांच नहीं की। उन्होंने एसडीएम, ईआरओएस, डीईओ या सीईओ को कोई त्रुटियां नहीं बताईं। हाल ही में, कुछ राजनीतिक दल और व्यक्ति पूर्व में तैयार की गई मतदाता सूचियों सहित मतदाता सूचियों में त्रुटियों के बारे में मुद्दे उठा रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि मतदाता सूचियों के साथ किसी भी मुद्दे को उठाने का उपयुक्त समय उस चरण के दावे और आपत्तियों की अवधि के दौरान होता, जो कि सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के साथ मतदाता सूचियों को साझा करने के पीछे का उद्देश्य है। अगर ये मुद्दे सही समय पर सही माध्यमों से उठाए गए होते तो इससे संबंधित एसडीएम या ईआरओ को उन चुनावों से पहले गलतियों को, यदि वास्तविक थीं, ठीक करने में सक्षम बनाया जा सकता था। ईसीआई राजनीतिक दलों और किसी भी मतदाता द्वारा मतदाता सूचियों की जांच का स्वागत करता है।

## गुवाहाटी में असम-मेघालय के मुख्यमंत्रियों की बैठक, सीमा विवाद समेत कई मुद्दों पर की चर्चा

एजेंसी

**गुवाहाटी ।** असम और मेघालय के बीच लंबे समय से चले आ रहे सीमा विवाद के बीच असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने गुवाहाटी में मुलाकात कर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की।

मुख्यमंत्री सरमा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज गुवाहाटी में मुख्यमंत्री कॉनराड संगमा से उत्कृष्ट चर्चा हुई। हमने दोनों राज्यों के परस्पर विकास को सुदृढ़ करने से जुड़े कई मुद्दों पर विचार किया। हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि किन मुद्दों पर



विस्तार से बातचीत हुई। दोनों मुख्यमंत्रियों की इससे पहले 2 जून को मुलाकात हुई थी, जिसमें 12 विवादित क्षेत्रों में से 6 पर सहमति बनी थी। इनमें से 5 क्षेत्रों में स्वतंत्रता दिवस तक सीमा स्तंभ (बॉर्डर पिलर) लगाने का निर्णय लिया गया था, जबकि पिलिंगाटा क्षेत्र में मतभेद बने रहने के कारण चर्चा जिला उपायुक्तों को सौंप दी गई थी।

असम और मेघालय ने मार्च 2022 में एक समझौते पर हस्ताक्षर किए थे, जिसके तहत 12 विवादित क्षेत्रों में से 6 का समाधान निकाला गया। पहले चरण में 36.79 वर्ग किमी क्षेत्र को लेकर समझौता हुआ, जिसमें असम को 18.51 वर्ग किमी और मेघालय को 18.28 वर्ग किमी भूमि का अधिकार मिला। गौरतलब है कि मेघालय का गठन वर्ष 1972 में असम से अलग राज्य के रूप में हुआ था। असम पुनर्गठन अधिनियम, 1971 को मेघालय ने चुनौती दी थी, जिसके बाद 884.9 किमी लंबी सीमा के 12 क्षेत्रों में विवाद खड़ा हुआ। मुख्यमंत्री सरमा ने मई 2021 में पद संभालते ही घोषणा की थी कि पड़ोसी राज्यों के साथ सीमा विवाद का समाधान उनकी प्राथमिकता है। इसके लिए अगस्त 2021 में तीन क्षेत्रीय समितियां बनाई गईं, जिनकी सिफारिशों पर मार्च 2022 में गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में दोनों राज्यों ने समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

## 'लोकतंत्र बचाने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की', अखिलेश यादव बोले- अंतरात्मा की आवाज सुनें

एजेंसी

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि चुनाव आयोग को सुधार ही नहीं, आमूलचूल परिवर्तन की अपरिहार्यता है। एसआईआर प्रक्रिया के खिलाफ और वोट चोरी जैसे विपक्षी दलों के आरोपों के बीच अखिलेश यादव ने यह बयान दिया है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान सपा सांसद अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, आज लोकतंत्र को बचाने का ऐतिहासिक दायित्व चुनाव आयोग के कंधों पर है। माना उनके ऊपर कई प्रकार के अवांछित दबाव काम कर रहे हैं, लेकिन वे ये न समझें कि वे अकेले हैं। जब चुनाव आयोग सही रास्ते पर चल निकलेगा तो करोड़ों भारतवासियों का साथ उनका रक्षा कवच बन जाएगा। सत्य के मार्ग पर चलने वालों के साथ जनता और जन विश्वास स्वयं चलने लगता है।÷ सपा मुखिया ने आगे लिखा, ÷चुनाव आयोग का एक सही और साहसिक कदम देश की अनंत पीढ़ियों का भविष्य और कल्याण सुनिश्चित कर सकता है। सबको अंतरात्मा की आवाज सुननी चाहिए। इससे पहले, अखिलेश यादव ने चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए थे। शनिवार को लखनऊ में वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद अखिलेश यादव ने कहा, समय-समय पर उंगलियां उठी हैं। चाहे ग्राम प्रधान का चुनाव हो, विधानसभा चुनाव हो, लोकसभा चुनाव हो या कोई अन्य चुनाव हो, यह चुनाव आयोग की जिम्मेदारी बनती है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव हों। अखिलेश यादव ने कहा, लोगों का इस संस्था पर विश्वास बढ़ाना चुनाव आयोग की जिम्मेदारी है, लेकिन हम देख रहे हैं कि लोग चुनाव आयोग के काम करने के तरीके से असंतुष्ट हैं। हाल ही में, इंडिया गठबंधन ने वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाई है।

## शिवपुरी- ट्रक और ट्रैवलर में आमने-सामने की भिंडत, गुजरात के चार लोगों की मौत

एजेंसी

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले के शिवपुरी- झांसी फोरलेन हाईवे पर सुबह ट्रक और ट्रैवलर की आमने-सामने की भिड़ंत में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को शिवपुरी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा शिवपुरी-झांसी फोरलेन हाईवे जो नेशनल हाईवे-27 के नाम से जाना जाता है वहां पर अमोला घाटी के नजदीक हुआ है। इस हादसे में गुजरात के 20 लोगों का म्यूजिशियन ग्रुप काशी विश्वनाथ में आयोजित शिव कथा कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के बाद लौट रहा था तभी सुबह शिवपुरी जिले के अमोला घाटी के नजदीक इनकी ट्रैवलर बस हादसे का



शिकार हो गई। जानकारी के अनुसार हादसा नेशनल हाईवे-27 पर सुबह करीब 5.30 बजे हुआ। बताया जाता है कि 20 लोगों का म्यूजिशियन ग्रुप काशी विश्वनाथ में आयोजित शिवकथा कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के बाद लौट रहा था। सभी लोग गुजरात के जाने-माने कथावाचक डॉ. लंकेश बाबू के टीम के थे। डॉ. लंकेश शुक्रवार को ही फ्लाइट से गुजरात रवाना हो गए थे।ग्रुप के सभी सदस्य गुजरात के मेहसाणा और सुरेंद्रनगर के रहने वाले हैं। शनिवार सुबह लौटते वक्त इनकी ट्रैवलर शिवपुरी जिले के सुरवाया से गुजर रही थी। इसी दौरान बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी लेन में जाकर ट्रक से टक्कर हो गई। सूचना मिलते ही सुरवाया पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल और मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया। हादसे में सिंगर हार्दिक दवे (40) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, अस्पताल में उपचार के दौरान राजा ठाकुर (28), अंकित ठाकुर 17) और राजपाल सोलंकी (60) ने भी दम तोड़ दिया।

## सपा से निष्कासित विधायक पूजा पाल ने की सीएम योगी से मुलाकात, राजनीतिक गलियारों में लगने लगे कयास

एजेंसी

**लखनऊ।** सपा की बागी और फिर बीते निष्कासित की गई विधायक पूजा पाल ने सीएम योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की। सपा से निकाले जाने के बाद यह सीएम के साथ उनकी पहली औपचारिक मुलाकात है। उनकी इस मुलाकात के बाद राजनीतिक मायने निकाले जाने शुरू हो गए हैं। मालूम हो कि पूजा पाल को बीते दिनों पार्टी से निकाल दिया गया था।

**पूजा पाल ने की थी सीएम योगी की तारीफ**

कौशांबी जिले की चायल विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी विधायक पूजा पाल को आखिरकार पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया



गया है। पिछले साल राज्यसभा चुनाव में उन्होंने भाजपा के पक्ष में वोटिंग की थी। उस समय से अब तक उन पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। विधायक और हाईकमान के बीच तल्खियां तो काफी दिन से चली आ रही थीं। लेकिन बृहस्पतिवार को जब विधायक पूजा पाल ने सदन में खुलकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तारीफ की तो सपा अध्यक्ष ने निष्कासन पत्र भिजवा दिया।

**उमेश पाल हत्याकांड के बाद बदलने लगा था पूजा का रुखः** पूजा पाल 2022 के विधानसभा चुनाव में चायल सीट से सपा के टिकट पर विधायक बनी थीं। उमेश पाल हत्याकांड के बाद पूजा का रुख बदलने लगा। वह भाजपा के करीब होने लगीं। उनके आचरण और बयानों को लेकर पार्टी में असंतोष बढ़ रहा था।

## पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने की मांग, सीएम रंगासामी बोले- निर्णय लेने-लागू करने की शक्तियां नहीं

एजेंसी

**पुडुचेरी।** मुख्यमंत्री एन रंगासामी पुडुचेरी को राज्य का दर्जा देने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि इस केंद्र शासित प्रदेश के पास त्वरित निर्णय लेने और उन्हें लागू करने की पूर्ण शक्तियां नहीं हैं। सीएम रंगासामी ने सूचना एवं प्रचार निदेशालय द्वारा आयोजित एक समारोह में भाग लिया। समारोह में स्वतंत्रता सेनानियों को सम्मानित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि एक केंद्र शासित प्रदेश होने के नाते पुडुचेरी में निर्वाचित सरकार निर्णय लेने और उन्हें लागू करने के लिए संघर्ष कर रही है। उन्होंने कहा कि हर बार निर्वाचित सरकार को अपने निर्णयों को लागू करने के लिए उपराज्यपाल की अनुमति लेने की



मजबूरी होती है। हम वर्तमान में केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन हैं। ऐसी बाधाएं एक निर्वाचित सरकार के कामकाज के लिए एक व्यावहारिक कठिनाई हैं। उन्होंने आगे कहा कि केवल राज्य का दर्जा ही मददगार होगा। उन्होंने कहा कि अगर निर्वाचित सरकार को पूर्ण शक्तियां मिलें तो पुडुचेरी और भी ऊंचाइयों को छू सकता है। एआईएनआरसी-भाजपा गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे रंगासामी ने कहा कि हम केंद्र को राज्य के दर्जे की मांग स्वीकार करने के लिए राजी कर रहे हैं। सीएम रंगासामी ने राज्य के दर्जे के लिए निरंतर और एकजुट संघर्ष के लिए सभी राजनीतिक दलों, विधायकों और विभिन्न संगठनों का आभार भी व्यक्त किया।

रंगसामी ने कहा कि पुडुचेरी में प्रशासन द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों को दी जाने वाली मासिक पेंशन वर्तमान 12,000 रुपये से बढ़ाकर 15,000 रुपये की जाएगी। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि दलित वर्गों, पिछड़े वर्गों और अन्य कमजोर वर्गों की आवास आवश्यकताओं का ध्यान रखने के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू हैं।

# वाहन चोर परशुराम मीना व गैंग के अन्य सदस्य ग्रामीण क्षेत्र में एक्सीडेट व पुरानी मोटरसाईकीलो जिसको पार्टस की जरूरत हो को चोरी की मोटरसाईकील बेच देते है

**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमान् पुलिस उपायुक्त दक्षिण आयुक्तालय जयपुर शहर राजर्षि राज वर्मा आईपीएस ने बताया की जिला जयपुर दक्षिण के थाना ईलाको से लगातार हो रही मोटरसाईकील चोरी की वारदातो पर अंकुश लगाने के लिये जिला जयपुर दक्षिण के समस्त थानाधिकारीयों को निर्देशित किया गया था। थाना मुहाना पर दिनांक को परिवादी श्री हनुमान कुम्हार पुत्र श्री दुगार्लाल निवासी देवधाम कॉलोनी मदरामपुरा ने एक रिपोर्ट दी की मैने मेरी मोटरसाईकील नंबर RJ14KP4514 जो दिनांक 06.01.2025 को मांडिया फुट कम्पनी के बाहर खड़ी की थी जिसे थोडी देर बाद आकर देखा तो नहीं मिली जिस पर थाना मुहाना जयपुर दक्षिण पर मुकदमा नंबर 24/2025 धारा 303 (2) बीएनएस दिनांक 09.01.2025 दर्ज किया जाकर तलाश शुरू की गई। आयुक्तालय जयपुर क्षेत्र में हो रही मोटरसाईकील चोरी के विरुद्ध त्वरित व कठोर कार्यवाही करने के लिए श्री ललित शर्मा अति. पुलिस उपायुक्त जयपुर दक्षिण के मार्गदर्शन एवं श्री आदित्य काकडे सहायक पुलिस आयुक्त, वृत्त मानसरोवर द्वारा निरंतर मॉनिटरिंग रखी गयी एवं श्री गुर भुपेन्द्र सिंह पु.नि. थानाधिकारी थाना मुहाना के नेतृत्व में थाना मुहाना से चुनिन्दा पुलिस कर्मियों की टीम का गठन किया गया। गठित स्पेशल पुलिस टीम द्वारा थाना मुहाना ईलाके में हो रही मोटरसाईकील चोरी की वारदातो के घटनास्थलो पर जाकर सीसीटीवी के फुटेज देखे गये जिनका डाटा संकलन किया गया तथा सभी वारदातो में वाहन चोरो के आने जाने का रूट तैयार किया जाकर सतत निगरानी शुरू की गई। पुलिस टीम ने वाहन चोरो के आने जाने के रूट व सीसीटीवी फुटेज से प्राप्त वाहन चोरो की फोटो को संभावित जिलो व वाहन चोरो के जिस क्षेत्र के होने का अंदेशा था वहाँ के मुखबिर खासो को भेजी जाकर कुछ वाहन चोरो के अलग अलग गैंग की पहचान की जाकर उनका लगातार पीछा किया गया। इसी कम में मुहाना स्पेशल टीम ने प्रथम कार्यवाही करते हुये मुखबिर खास की सुचना पर दिनांक 06.08.2025 को वाहन चोर इंदगढ़ बूदी निवासी सुनील व मनोज को गिरफतार किया जाकर उससे पुलिस टीम ने 15 मोटरसाईकील बरामद की गई थी तथा अन्य चिन्हीत वाहन चोरो का तकनिकी व मुखबिर खास के सहयोग से लगातार पीछा किया जाकर आज दिनांक को दूसरी कार्यवाही करते हुये वाहन चोर परशुराम मीना गैंग का मुखिया श्री परसुराम मीना पुत्र श्री घासीराम मीना जाति मीणा उम्र 22 साल निवासी ग्राम पोस्ट जैल पुलिस थाना नगर फोर्ट जिला टोंक हाल किरायेदार सुरेश यादव का मकान कनको की ढाणी पुलिस थाना मुहाना जयपुर दक्षिण को गिरफतार किया जाकर परसुराम मीना की निशानदेही व कब्जे से 11 चोरी गई मोटरसाईकील बरामद व चोरी की मोटरसाईकील के पार्टस लगी मोटरसाईकीले बरामद की गई जिसने पुछताछ में पिछले एक साल में करीब 50 मोटरसाईकील चुराना कबूल किया है। तरिका वारदात वाहन चोर परसुराम मीना अपने गांव से बस में बैठकर जयपुर आता जिसमें कई बार अकेला व कई बार वाहन चोरी गैंग के अन्य साथी साथ रहते थे जो जयपुर आकर सांगानेर मानसरोवर व मुहाना क्षेत्र में घुमकर मौका पाकर बाईक चुरा लेते थे जितने लोग आते उतनी ही बाईक चुराकर ले जाते थे तथा बाईक चुराकर गांव की तरफ या जयपुर मे ही कही छुपा देता था जिसके बाद टोक बूंदी व अन्य ग्रामीण क्षेत्र के लोग जो चोरी की मोटरसाईकील खरीदने वाले ग्राहक मिलने पर उसे बाईक का मेक मॉडल बता देता तथा दूसरी अन्य बाईक (जो किसी जानकार की होती लेकीन असली व बिना चोरी की होती है) की आर सी की फोटो स्टेट मंगवाकर गैंग के अन्य सदस्यो के साथ मिलकर चोरी गई मोटरसाईकिल में असली मोटरसाईकिल (जो बिना चोरी की आरसी मंगवाते) के इंजन नंबर व चैसिस नम्बर खुदवाकर उसे बेच देते तथा जिसका इंजन नम्बर चैसिस नम्बर खुदवाते उसकी या तो डुप्लीकेट आरसी निकलवाकर ग्राहक को देते या फिर रंगीन फोटो स्टेट आरसी की निकलवाकर चोरी की बाईक के साथ ग्राहक को दे देते थे जिससे आसानी से चोरी की मोटरसाईकील होने का पता नही लगाया जा सकता। उक्त कार्यवाही में गैंग के अन्य फरार सदस्यो की तलाश जारी है तथा बेची गयी मोटरसाईकीलो के बरामदगी के प्रयास जारी है। वाहन चोर परशुराम मीना गैंग के अन्य सदस्यो के गिरफतार होने पर अन्य वारदातो के खुलने की संभावना है।

## 138 एनआई एक्ट के मामले में 09 साल से फरार दो स्थाई वारण्टियों को किया गिरफ्तार



**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि विभिन्न मामलों में चल रहे वांछित आरोपियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी हेतु जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय श्री रजनीश पूनियां के सुपरविजन में स्थाई वारंटी / ईनामी अपराधी / टॉप-10 अपराधी इत्यादी को गिरफ्तार करने हेतु सेक्टर मुख्यालय स्तर पर स्पेशल टीम का गठन किया गया। गठित टीम से श्री राकेश कानि. 2111 द्वारा तकनीकी सहायता व आसूचना संकलन किये जाने पर श्री प्रदीप यादव वृत्ताधिकारी जमवारामगढ के सुपरविजन में तथा श्री रामपाल शर्मा उप निरीक्षक, थानाधिकारी पुलिस थाना जमवारामगढ़ के नेतृत्व में प्रकरण संख्या 260/16 में विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट क्रम 05 जयपुर महानगर द्वितीय द्वारा जारी स्थाई वारंटी 138 एनआई एक्ट के मामले में 09 साल से फरार स्थाई वारंटी (1) सीताराम जाति माली निवासी बिरासना पुलिस थाना आंधी (2) श्रीमती सन्ती उर्फ शान्तिदेवी जाति माली निवासी बिरासना पुलिस थाना आंधी को दिनांक 17.08.2025 को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

## बीजापुर में नक्सली विरोधी अभियान के दौरान आईईडी ब्लास्ट, एक जवान शहीद, तीन घायल

**बीजापुर** । छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सली विरोधी अभियान के दौरान आईईडी ब्लास्ट की खबर आई है। नेशनल पार्क क्षेत्र में माओवादियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान सोमवार को डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व ग्रुप) के एक जवान दिनेश नाग शहीद हो गए, जबकि तीन अन्य जवान घायल हुए हैं।
यह घटना सोमवार सुबह उस वक्त हुई, जब डीआरजी की टीम रविवार को शुरू हुए सर्च ऑपरेशन के तहत इलाके की घेराबंदी कर तलाशी ले रही थी। अचानक हुए ब्लास्ट से जवानों में अफरातफरी मच गई। घटना के तुरंत बाद घायल जवानों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और उन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।
जानकारी के अनुसार, तीनों जवानों की स्थिति सामान्य है और वे खतरे से बाहर हैं। बेहतर इलाज के लिए उन्हें इवैक्यूएट कर उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।
इससे पहले, बीजापुर जिले के गंगालूर क्षेत्र में माओवादी विरोधी अभियान के दौरान 12 अगस्त को डीआरजी के दो जवान घायल हो गए थे। दोनों जवानों को प्राथमिक उपचार देने के बाद बेहतर इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रायपुर भेजा गया था।
इससे पहले, छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 7 अगस्त को नक्सलवाद के खिलाफ सुरक्षाबलों को बड़ी कामयाबी मिली थी। यहां 24 लाख रुपए के इनामी सहित 9 माओवादियों ने आत्मसमर्पण कर दिया था। इसके अलावा, सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ के दौरान एक माओवादी को मार गिराया था। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आधिकारिक एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की थी।
जानकारी के अनुसार, दिसंबर 2023 से अब तक राज्य में करीब 450 माओवादी मारे जा चुके हैं। इसके अलावा, 1,500 से ज्यादा माओवादियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं, 1,500 से ज्यादा माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया है।
केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने की बात कही है। उन्होंने नक्सलियों से भी अपील की कि वे मोदी सरकार की आत्मसमर्पण नीति को अपनाकर यथाशीघ्र हथियार डालें और मुख्यधारा में शामिल हों।

## वाराणसी रेलवे स्टेशन में मिली तकनीकी खामियाँ, फर्जी टिकट की हुई बिक्री नहीं हुई कार्यवाही : गोपाल राय



**वाराणसी।** लखनऊ मण्डल रेल प्रबन्धक के अंतर्गत आने वाले वाराणसी रेलवे स्टेशन पर विश्व हिन्दू रक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं रेल मंत्रालय भारत सरकार के `फ्यउउ सलाहकार सदस्य गोपाल राय ने वाराणसी रेलवे स्टेशन पर विभिन्न शिकायत मिलने पर निरीक्षण किया एवं निरीक्षण के दौरान निम्न कमियाँ पायी गई।
गोपाल राय ने बताया की निरीक्षण के दौरान पाया कि एक दर्जन से ज्यादा पंखें तकनीकी रूप से खराब है` स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीन लगाई गई है वहाँ पर भी ऊपर पंखा नहीं है जिससे यात्रियों को कठिनाइयां होती है रेल अधिकारियों को बुलाने पर भी कोई आया नहीं जिसमें एडीआरएम की भूमिका संदिग्ध है।
काशी से कटरा तक चलने वाली बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन का नाम शिव शक्ति एक्सप्रेस हो,रेलमंत्री अश्वनी वैष्णव से उक्त नाम बदलने की मांग की गयी है।
गोपाल राय ने यह भी बताया की ट्रेनों में चादर व तौलिये गंदे होने की भी शिकायतें प्राप्त हुई। निरीक्षण के दौरान उक्त जानकारी प्राप्त हुई कि 14 जून 2025 को गाड़ी संख्या 22178 से वाराणसी से उरळट तक का फर्जी टिकट पकड़ा गया थे। इलाहाबाद छिवकी के टीटी द्वारा यह टिकट 5:52 पर सुबह ATVM मशीन से निकाला गया था और सुबह 8:40 पर प्लेटफॉर्म नंबर नौ पर सेकंड एंट्री के ATVM मशीन से बिका था ATVM मशीन पर सीबीएस वाराणसी जेपी मिश्रा और BIC डीपी यादव द्वारा फर्जी टिकट बिकवाया जा रहा था` जेपी मिश्रा डीपी यादव को विगत एक साल से दिन में इक्ठ ड्यूटी करवा रहे थे और फर्जी टिकट का फजीर्वाड़ा चल रहा था जिससे रेलवे राजस्व को करोड़ों का नुकसान हुआ मंडल कार्यालय द्वारा इसकी जांच कराई गई लेकिन सब लीपा पोती हो गया` आज भी जेपी मिश्रा उइर बनारस के पद पर कार्यरत हैं और डीपी यादव से BIC में कार्य करा रहे हैं भविष्य में भी फर्जी टिकट बिक सकता है अगर इनपर आवश्यक विधिक कार्यवाही नहीं की गयी तो फजीर्वाड़ा चलता रहेगा।
रेलवे राजस्व को बचाने के लिए उइर जेपी मिश्रा और BIC डीपी यादव को तत्काल निलंबित करना चाहिए। ATVM मशीन पर प्राइवेट सुविधा प्रदाता से ड्यूटी उइर जेपी मिश्रा और BIC डीपी यादव द्वारा लगाई जाती थी इन्हीं लोगों द्वारा फर्जी टिकट बेचा जाता था प्राइवेट सुविधा प्रदाता से दोनों लोग पैसा लेकर के काम करवाते थे।

## मध्य प्रदेश कांग्रेस में फिर घमासान, राहुल ने जिला अध्यक्षों को दिल्ली बुलाया



**भोपाल** । मध्य प्रदेश में कांग्रेस के जिला अध्यक्षों की हुई नियुक्ति के बाद असंतोष के स्वर जोर पकड़ने लगे हैं, बयानबाजी हो रही है और इस्तीफे का दौर भी शुरू हो गया है। वहीं दूसरी ओर, नवनियुक्त जिला अध्यक्षों को प्रशिक्षण के लिए 24 अगस्त को दिल्ली बुलाया गया है, जिसमें लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी संवाद करेंगे।
कांग्रेस ने संगठन सृजन अभियान के तहत राज्य के 71 जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की है। इन जिला अध्यक्षों में विधायक, पूर्व विधायक और पूर्व मंत्री भी शामिल हैं। इनमें कई जिला अध्यक्ष ऐसे हैं जो पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के नाते रिश्तेदार भी हैं। इतना ही नहीं, कई जिला अध्यक्षों को एक बार फिर कमान सौंपी गई है। जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद पार्टी में नाराजगी बढ़ने लगी है और इन नियुक्तियों को लेकर सवाल भी उठाए जा रहे हैं।
गुना का जिला अध्यक्ष पूर्व मंत्री और विधायक जयवर्धन सिंह को बनाया गया है, इससे उनके समर्थकों में नाराजगी है। समर्थकों का कहना है कि प्रदेश स्तरीय नेता को जिलाध्यक्ष बनाया गया है। विरोध में उतरे कार्यकर्ताओं ने जीतू पटवारी का पुतला तक दहन किया। इसी तरह डिंडोरी से आदिवासी चेहरे ओंकार सिंह मरकाम को अध्यक्ष बनाया गया है, जिससे उनके समर्थक सोशल मीडिया पर खुलकर अपनी राय जाहिर कर रहे हैं।
इसके अलावा अगर हम देखें तो इंदौर में चिंटू चैकसे और विपिन वानखेड़े को अध्यक्ष बनाए जाने का विरोध हुआ है और संभागीय प्रवक्ता सन्नी राजपाल ने तो इस्तीफा तक दे दिया है।
इतना ही नहीं, पूर्व महिला मोर्चा अध्यक्ष साक्षी डागा ने भी प्रदेश अध्यक्ष पटवारी पर हमला बोला है। इसके अलावा, भोपाल के जिला अध्यक्ष पद के दावेदार प्रदीप उर्फ मोनू सक्सेना ने प्रवीण सक्सेना को फिर भोपाल का जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर नाराजगी जताई है और कांग्रेस नेताओं की भाजपा के साथ-गांठ का भी आरोप लगाया है।
विरोध प्रदर्शनों के बीच गुना के जिला अध्यक्ष जयवर्धन सिंह से मीडिया ने बात की तो उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने जब भोपाल में आकर संगठन सृजन अभियान की शुरूआत की थी तो उन्होंने कहा था कि जिले के सबसे सक्षम और ताकतवर नेता को जिला अध्यक्ष बनाया जाएगा और उन्होंने यह किया है, जिससे पार्टी को लाभ होगा। वहीं उन्होंने यह भी स्वीकार किया है कि आगामी दिनों में जिला अध्यक्षों को दिल्ली में प्रशिक्षण दिया जाएगा जिसमें राहुल गांधी भी मौजूद रहेंगे।

## भोपाल में मेफेड्रोन ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़, दाऊद इब्राहिम गैंग से जुड़े नेटवर्क का पदार्फाश



**मुंबई/भोपाल** । निदेशालय राजस्व खुफिया (डीआरआई) मुंबई ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भोपाल जिले के जगदीशपुर क्षेत्र में चल रही मेफेड्रोन (एमडी) ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। यह फैक्ट्री न केवल भोपाल और ठाणे से जुड़ी थी, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क का हिस्सा भी थी, जिसे कुख्यात अपराधी दाऊद इब्राहिम के करीबी सलीम डोला संचालित कर रहा था।
डीआरआई ने इस ऑपरेशन के दौरान तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के अनुसार, ड्रग्स बनाने के लिए जरूरी कच्चा माल ठाणे के भिवंडी से सलीम डोला के इशारे पर भेजा जाता था। शुरूआती जांच में पता चला है कि मार्च से जुलाई तक भोपाल की इस फैक्ट्री को करीब 400 किलो कच्चा माल सप्लाई किया गया था, जिसका उपयोग मेफेड्रोन तैयार करने में किया गया।
यह ऑपरेशन अंतरराष्ट्रीय ड्रग नेटवर्क से भी जुड़ा हुआ है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है और नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की तलाश जारी है।
इससे पहले, जनवरी में नारकोटिक्स विभाग ने मंदसौर जिले के एक संतरे के खेत में ड्रग फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था। इस फैक्ट्री में बड़ी तादाद में एमडीएमए पाउडर बनाया जा रहा था। इस दौरान ड्रग्स बनाने के लिए प्रयुक्त किया जाने वाला हाइड्रोक्लोरिक एसिड, सोडियम सल्फेट, टेस्ट ट्यूब, बीजिंग स्केल, वैक्यूम ओवन बरामद किया गया था। यह फैक्ट्री गरोठ तहसील के खारखेड़ा गांव में चल रही थी। यह स्थान संतरे के बगीचे के बीच में पूरी तरह निर्जन है।
ज्ञात हो कि इससे पहले राजधानी भोपाल में एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री बागरोदा इलाके में पकड़ी गई थी। यहां नारकोटिक्स ब्यूरो ने गुजरात एटीएस के साथ मिलकर 1800 करोड़ से ज्यादा की ड्रग्स बरामद की थी और इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार भी किया गया था।
राज्य के कई हिस्सों में ड्रग का कारोबार चलने की शिकायतें मिलती रहती हैं और इस कारोबार से जुड़े लोग पकड़े भी जाते हैं, मगर अब राज्य में ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री के खुलासे ने शासन प्रशासन की चिंताएं बढ़ाने का काम किया है।

# मिथिला विश्वविद्यालय के नागेन्द्र झा स्टेडियम में दरभंगा जिला स्तरीय रेड रन-2025 प्रतियोगिता आयोजित

**दरभंगा।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति, पटना के सौजन्य से दरभंगा जिला स्तरीय रेड रन-2025 प्रतियोगिता का आयोजन सुबह 9:00 बजे ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा के नागेन्द्र झा स्टेडियम में विश्वविद्यालय स्थित रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में किया गया। सबसे पहले विभिन्न महाविद्यालयों से आए हुए छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन कर चेस्ट नंबर प्रदान किया गया। छात्रा वर्ग में कल 29 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें के एस कॉलेज की सुरुचि कुमारी- प्रथम, डब्ल्यूआईटी की रचना झा- द्वितीय, सीएम साइंस कॉलेज की श्यामा मणि- तृतीया, दरभंगा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग की कुमारी अर्चना सिन्हा- चतुर्थ तथा एम के कॉलेज की अनुशकी कुमारी ने पंचम स्थान प्राप्त किया।
वहीं छात्र वर्ग में आईटीआई, रामनगर के विकास कुमार- प्रथम, महात्मा गांधी कॉलेज के दशरथ कुमार महतो- द्वितीय, दरभंगा कॉलेज आफ इंजीनियरिंग के मोहित कुमार- तृतीय, महात्मा गांधी कॉलेज के सचिन कुमार- चतुर्थ तथा एमएलएसएम कॉलेज के मिथिलेश कुमार ने पंचम स्थान प्राप्त किया, जिन्हें समिति की ओर से रैंक प्रमाण पत्र तथा 10-10 पुस्तकें प्रदान की गई। इन पुस्तकों में भाषण कला, असली कामयाबी, व्यक्तित्व विकास, वाव कला, टीम लीडरशिप, जनरल नॉलेज एंड करंट अफेयर्स, एनसीईआरटी वस्तुनिष्ठ प्रश्नकोष, सामान्य ज्ञान, ऑब्जेक्टिव इंग्लिश एवं डायनामिक्स ऑफ एचिविंग गोल्स नामक पुस्तकें शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी 64 प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र दिया गया। इस अवसर पर अमित कुमार झा, विवेक कुमार भारती, समरेश कुमार सहित 20 अन्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग किया।
हरी झंडी दिखाकर रेड रन-2025 प्रतियोगिता का शुभारंभ दरभंगा रेड रिबन क्लब के जिला नोडल पदाधिकारी डॉ आर एन चौरसिया तथा बिहार एड्स कंट्रोल सोसायटी, पटना के संसाधन पुरुष अरुण कुमार ने किया। इस अवसर पर नेहरु युवा केन्द्र के प्रतिनिधि मुकेश कुमार झा, एमआरएम कॉलेज की एनसीसी पदाधिकारी डॉ नीलम सेन तथा पीजी एनएसएस इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ सोनू राम शंकर निर्णायक मंडल के सदस्य के रूप में प्रशंसनीय योगदान किया।
प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरण समारोह विश्वविद्यालय संस्कृत विभाग में आयोजित किया गया, जहां रिसोर्स पर्सन अरुण कुमार ने बताया कि यह जिला स्तरीय रेड रन-2025 का आयोजन बिहार के सभी 38 जिलों में किया जा रहा है।
राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 30 अगस्त को पटना में तथा राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 9 सितंबर को नागालैंड की राजधानी कोहिमा में आयोजित किया जाएगा।
दरभंगा जिला के नोडल पदाधिकारी डॉ आर एन चौरसिया ने प्रतिभागियों को प्रतियोगिता के नियमों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि इसका मुख्य उद्देश्य एचआईवी/एड्स के प्रति युवाओं के माध्यम से जन जागरूकता फैलाना है। यह सिर्फ स्वास्थ्य अभियान ही नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और उत्सव का प्रतीक है, जिसमें 17 से 25 वर्ष के युवा भाग ले रहे हैं।

## पुलिस थाना शाहपुरा ने चोरी व नकबजनी के चालानशुदा अभियुक्तो के विरूद्ध सर्च अभियान चलाकर की प्रभावी कार्यवाही



**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमति राशि डोगरा यूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि पुलिस थाना शाहपुरा क्षेत्र में बढ़ती चोरी एवं नकबजनी की वारदातों पर अकुंश लगाने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां व वृत्ताधिकारी शाहपुरा श्री मुकेश चौधरी के निकटतम सुपरविजन में तथा थानाधिकारी शाहपुरा श्री हेमराज सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा आसूचना संकलन कर कड़ी मेहनत करते हुए कार्यवाही करते हुए पुर्व में चालान शुदा चोरी व नकबजनी के अपराधी एवं थाना क्षेत्र में रात्रि में घूमते संदिग्ध बदमाश प्रवृति के कुल 12 लोगों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही कर 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया जाकर विस्तृत पूछताछ की गई है तथा कार्यवाही के दौरान एक वाहन आई-10 कार को भी जप्त किया गया है।

## एक अवैध धारदार हथियार छुर्रा जप्त कर एक आरोपी को किया गिरफ्तार

**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों के खिलाफ अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू श्री शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी फुलेरा श्री अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में तथा थानाधिकारी फुलेरा श्री चन्द्रप्रकाश पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा आसू चना संकलन कर दिनांक 17.08.2025 कार्यवाही करते हुए श्री बेकुन्ट धाम बगिची फुलेरा के पास आने जाने वाली रोड़ पर एक व्यक्ति द्वारा अवैध धारदार हथियार छुर्रा लेकर घूमने व आमजन में भय का माहौल पैदा करने पर व्यक्ति रोहित राय निवासी फुलेरा के कब्जे से बिना लाईसेंस के एक अवैध धारदार हथियार छुर्रा जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है तथा आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है।

## जिला जयपुर ग्रामीण की सेक्टर मुख्यालय पुलिस टीम को मिली बडी सफलता




**देश का दर्पण न्यूज**
श्रीमती राशि डोगरा डूडी आईपीएस पुलिस अधीक्षक जिला जयपुर ग्रामीण ने जानकारी देते हुए बताया है कि विभिन्न मामलों में चल रहे वांछित आरोपियों की अधिक से अधिक गिरफ्तारी हेतु जिले के समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया था जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) श्री रजनीश पूनियां के सुपरविजन में स्थाई वारंटी / ईनामी अपराधी / टॉप-10 अपराधी इत्यादी को गिरफ्तार करने हेतु सेक्टर मुख्यालय स्तर पर स्पेशल टीम का गठन किया गया। गठित टीम से श्री सुभाष चन्द हैड कानि 626, श्री रोहिताश कानि 1800, श्री राजेन्द्र कानि 2395, श्री अजय कानि 2090, श्री राकेश कुमार कानि 1423 द्वारा तकनीकी सहायता व आसूचना संकलन किये जाने पर श्री प्रदीप यादव वृत्ताधिकारी जमवारामगढ के सुपरविजन में तथा श्री हीरालाल सैनी पुलिस निरीक्षक, थानाधिकारी चन्दवाजी के नेतृत्व में प्रकरण संख्या 361/2022 जानलेवा हमले के मामलें में 03 साल से फरार चल रहे ईनामी अभियुक्त सुनिल कुमार शेरावत को दिनांक 18.08.2025 को गिरफ्तार किया है तथा एक स्थायी वांरटी रामजीलाल गुर्जर को भी गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुर्व में दिनांक 11.08.2025 को सैक्टर मुख्यालय की टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए इसी प्रकरण में 10 हजार रुपए के ईनामी अभियुक्त महेश पलसानियाँ को गिरफ्तार किया गया था जो एनडीपीएस एक्ट व जानलेवा हमले के मामलें में वांछित था।

## ट्रंप वापस ले सकते हैं हाई टैरिफ, भारत में निवेशित रहे : जेफरीज

**मुंबई** । अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म जेफरीज ने अपने ग्राहकों को भारत में बिकवाली करने की जगह खरीदारी की सलाह दी है। साथ ही कहा है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों का यू-टर्न होना तय है।
अमेरिकी ब्रोकिंग फर्म में प्रमुख एनालिस्ट क्रिस्टोफर वुड ने कहा कि उनके ग्राहक वर्तमान वैश्विक बाजार परिवेश और इस संभावना के कारण भारत में निवेश करने पर विचार कर रहे हैं,क्योंकि ट्रंप अंततः अपना रुख बदल देंगे, जो अमेरिका के हित में नहीं है।
वुड ने कहा, "यह केवल कुछ समय की बात है ट्रंप अपने रुख से पीछे हट जाएंगे, जो कि अमेरिका के हित में नहीं है। इससे यह स्पष्ट होता है कि अगर कोई ट्रंप के सामने खड़ा होता है तो उसे लाभ होता है।"
वुड ने स्पष्ट किया है कि ट्रंप की ओर से ब्रिक्स देशों के खिलाफ कोई भी एक्शन उन्हें डी-डॉलराइजेशन की ओर ले जाएगा। ब्रिक्स देशों में ब्राजील, रूस, इंडिया, चीन और साउथ अफ्रीका का नाम शामिल है।
डी-डॉलराइजेशन वह स्थिति है, जिसमें देश डॉलर की बजाय अन्य विदेशी मुद्राओं या घरेलू मुद्राओं में विदेशी व्यापार करना शुरू कर देते हैं।
विश्लेषक ने कहा कि जेफरीज ने भारत पर, खासकर अपने एशिया (जापान को हटाकर) लॉन्ग-ओनली पोर्टफोलियो में, लगातार तेजी का रुख बनाए रखा है।

# अगस्त क्रांति : अंग्रेज कलेक्टर भाग खड़ा हुआ और बलिया हो गया आजाद

**बलिया।** उत्तर प्रदेश के बलिया में हुई अगस्त क्रान्ति 1942 के भारत छोड़ो आन्दोलन के अत्यन्त प्रेरणास्पद अध्यायों में से एक है।
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने अपने बम्बई अधिवेशन (अगस्त, 1942) में प्रसिद्ध अंग्रेजों भारत छोड़ो आन्दोलन का प्रस्ताव पारित किया था। गांधी जी ने भारत के लोगों को मंत्र दिया "करो या मरो" लेकिन, इससे पहले कि कांग्रेस इस आन्दोलन को शुरू कर पाती, ब्रिटिश प्राशासनिक तन्त्र ने इसे दबाने के लिए त्वरित और कठोर कार्यवाही शुरू कर दी। सभी प्रमुख नेताओं को गिरफ्तार कर लिया गया तथा स्वयं कांग्रेस को गैर-कानूनी घोषित कर दिया गया। उद्विग्न भारत इस दमनकारी कृत्य के खिलाफ स्वतः उठ खड़ा हुआ। समूचे देश में एक छोर से दूसरे छोर तक "अंग्रेजो भारत छोड़ो" के उद्घोष के साथ सार्वजनिक क्रांतियाँ भड़क उठीं।
देश के अनेक भागों में स्थापित "राष्ट्रीय सरकारों" की श्रृंखला भारत छोड़ो आन्दोलन की एक प्रमुख विशेषता थी, हालांकि, इनमें से अधिकांश सरकारें केवल कुछ ही हफ्तों तक चल सकी।

इतिहासकार डा. विश्व प्रकाश मिश्र बताते हैं कि बलिया जिले में क्रांति की शुरूआत विद्यार्थियों के विरोध-प्रदर्शनों के साथ हुई। कुछ बालिकाओं की गिरफ्तारी तथा बाजार में पुलिस द्वारा की गई अचानक गोलीबारी से लोगों के दिलों में आक्रोश की लहर उठने लगी। उत्तेजित और गुस्से से भरी जनता ने विरोधस्वरूप स्वतः प्रेरित होकर रेल की पटरियां उखाड़ डालीं, तार-लाइनें काट दीं तथा ग्रामीण इलाकों में रेलवे और पुलिस थानों को आग लगा दी। स्थानीय जनता ने दो-चार दिनों के भीतर ही जिले के पुलिस थानों, सरकारी खजानों और अन्य सरकारी कार्यालयों पर हमला करके उन पर अधिकार कर लिया। सरकारी अधिकारियों ने तत्काल आत्मसमर्पण कर दिया और इन भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फहरा उठा। समूचे जिले पर अधिकार होने तथा उपनिवेशवादी प्रशासनिक तंत्र को ठप करने के फलस्वरूप एक समानांतर 'सरकार' गठित करने का दायित्व इस क्रांति के नेताओं पर आन पड़ा। विश्व प्रकाश मिश्र ने बताया कि उन नेताओं ने इस दायित्व को पूरी जिम्मेवारी तथा कुशलता से निभाया और 19 अगस्त को बलिया में राष्ट्रीय सरकार का गठन हुआ। इस सरकार का नेतृत्व एक करिश्माई नेता चित्तू पाण्डेय ने किया जिनको जवाहर लाल नेहरू और सुभाष चन्द्र बोस ने



'बलिया का शेर' कहकर प्रशंसा की। बलिया की समूची जनता ने राष्ट्रीय सरकार का समर्थन किया। हजारों रुपए भी दिये ताकि यह सरकार अपने प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन कर सके।
दुर्भाग्यवश, ब्रिटिश शासकों द्वारा की गई कठोर दमनात्मक कार्यवाही के कारण नई सरकार कुछ दिन ही टिक सकी। हालांकि अंततोगत्वा इस आन्दोलन को दबा दिया गया लेकिन यह राष्ट्रीयता की भावनाओं को पूरी गंभीरता और जोश के साथ प्रदर्शित करने में सफल रहा। निस्संदेह, इस आन्दोलन ने यह सिद्ध कर दिया कि भारत में उपनिवेशवाद के गीने-चुनें ही रह गए थे।

**बलिया की अगस्त क्रांति**
**बलिया**

अगस्त क्रांति आन्दोलन का पहला चरण नौ अगस्त 1942 से शुरू हुआ। उस दिन 15 वर्षीय साहसी कार्यकर्त्ता सूरज प्रसाद ने सेंसर के बाद भी एक हिन्दी सामाचार पत्र लेकर उमाशंकर सिंह से सम्पर्क किया तथा भोपा बजाकर गाँधी जी समेत अन्य बलिया जनपद के प्रमुख नेताओं के गिरफ्तारी की जानकारी दी।
10 अगस्त 1942 की सुबह आठ बजे शहर ओक्डेनगंज पुलिस चौकी के पूर्वी चौराहा पर श्री उमाशंकर सोनार अन्य साथियों के साथ 1942 की क्रांति का शंखनाद किए। जो नगर की परिक्रमा करते हुए चौक पहुँचकर सभा के रूप में परिवर्तित हो गया। 12 अगस्त 1942 को आन्दोलन विकराल रूप धारण कर लिया। जिसकी गूंज देश-विदेश तक फैल गयी। क्रांति की इस लहर में भारत सचिव एमरी के वक्तव्य गाँधी व उनके सहयोगियों को गिरफ्तार पर जनता से अलग कर दिया गया। जिसके विरोध में स्कूली बच्चों ने जुलूस निकाला उन पर शहर कोतवाल और डिप्टी कलेक्टर ने पश्चिम रेलवे क्रासिंग पर रोक कर लाठी चार्ज किया।
13 अगस्त 1942 को गुलामी के जंजीरों ने जजी कचहरी पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। 14 अगस्त 1942 को देश की आजादी के लिए क्रांतिकारी महिलाओं के खून में उबाल देख छात्राएं भी उत्तेजित हो क्रांति की ज्वाला में कूदपड़ी। बाँसडीह में क्रांतिकारी छात्रों का एक जुलुस पुलिस द्वारा अधिकृत मण्डल कांग्रेस कमेटी के दफ्तर पर गया।
15 अगस्त 1942 को पूरे जिले में एक जूट होकर जोरदार प्रदर्शन किया गया। हजारों की संख्या में क्रांतिकारियों का जनसमूह 'इन्कलाब जिन्दाबाद' और 'अंग्रेजों भारत छोड़ो' का नारा लगाते हुए अपराह्न तीन बजे सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन पर पहुँच कर रेल की पटरियों को उखाड़ फेंका।
16 अगस्त 1942 को बलिया शहर के महिला क्रांतिकारियों ने जुलुस निकाला। लोहा पट्टी में अंग्रेजो द्वारा गोलियाँ चलाई गई जिसमें नौ लोग शहीद हो गये। चितबड़ागाँव रेलवे स्टेशन फूक दिया गया। नरही थाने पर थानेदार ने खुद तिरंगा फहरा दिया। 17 अगस्त 1942 रसड़ा में डाकखाना और रेलवे स्टेशन जला दिया गया सहतवार में थाना, डाकखाना और रेलवे स्टेशन जला दिया गया। इसी दिन बाँसडीह तहसील
पर जनता का कब्जा हो गया।
18 अगस्त 1942 बाँसडीह थाना एवं तहसील का रिकार्ड जलाकर उस पर झण्डा फहराया गया और रेवती में थाना फूंक दिया गया। 18 अगस्त को बैरिया में घटी घटना ने वहाँ के क्रांतिकारियों का नाम इतिहास में अमर कर दिया। वहाँ की जनता ने जिस साहस और बहादुरी का परिचय दिया वह स्वतंत्रता आन्दोलन के इतिहास का एक अनोखी घटना है। बैरिया थाने पर अपराह्न एक बजे दिन में एकत्र हुए हजारों क्रांतिकारियों में 50 महिलाएं भी शामिल थीं। क्रांतिकारियों को देखते ही थानेदार ने गोली चलाने का आदेश दे दिया। जिसमे 19 लोग शहीद हो गये। 18 वर्षीय युवक कौशल कुमार थाने के पीछे झण्डा लेकर थाने के छत पर चढ़ गया और उसने ज्योही तिरंगा (कौशल ध्वज) फहराया तब तक सिपाही महमूद खाँ ने गोली मार दी।

## कुत्ते को बचाने के चक्कर मे महिला दरोगा की स्कूटी कार से टकराई, दरोगा की मौत



**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले के कवि नगर थाना क्षेत्र में रविवार की देर रात कुत्ते को बचाने के चक्कर में एक 26 वर्षीय महिला दरोगा की स्कूटी की कार से टक्कर हो गई। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई । उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और महिला दरोगा के परिजनों को सूचना दे दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।
कवि नगर थाने की शास्त्री नगर पुलिस चौकी पर तैनात दरोगा ऋचा सचान रात को करीब 2:00 बजे अपनी स्कूटी से ड्यूटी पूरी करके वापस घर जा रही थी। जब वह कार्टे चौक पर पहुंची तो उनके सामने अचानक एक कुत्ता आ गया । जैसे ही उन्होंने कुत्ते को बचाने की कोशिश की सामने से आई हुई एक कार से उनकी स्कूटी टकरा गई। वह सड़क पर गिर पड़ी। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और ऋचा सचान को सर्वोदय अस्पताल में ले जाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। ऋचा मूल रूप से कानपुर के रहने वाली थी और 2023 में उन्होंने पुलिस विभाग में नौकरी शुरू की।
एसीपी भाष्कर वर्मा कविनगर के मुताबिक ऋचा सचान के परिजनों को सूचना दे दी गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। साथ ही कार चालक की भी तलाश की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिस वक्त यह घटना हुई रिचा सचान ने हेलमेट पहना हुआ था लेकिन उनको चोट काफी गंभीर लगी जो उनके मौत का कारण बनी।

## उम्मीद जगी है, घुघरौना बाबा को जल्द मिलेगा उनका स्थान - पार्षद इंद्रेश



**वाराणसी।** वाराणसी में पार्षद इंद्रेश के संघर्ष के बाद घुघरौना बाबा को जल्द उनका स्थान मिलने की उम्मीद जगी है। वार्ड 69 आदिविशेश्वर के घुघरानी गली के मकान नम्बर, सीके 40/44 जो निगम के राजस्व के रिकार्ड में बतौर जनता कूप करमुक्त दर्ज है, किन्तु मौके पर कुआँ गायब है। उक्त कुआँ केवल कुआँ नहीं है अपितु यह घुघरौना बाबा का स्थान भी है। जिनके नाम पर वाराणसी की प्रसिद्ध घुघरानी गली का नाम पड़ा है।
पार्षद इंद्रेश जिन्होंने वाराणसी में हिंदुत्व के एजेंडे पर कई बार संघर्ष किया है। घुघरौना बाबा के स्थान के संबंध में उन्होंने हिंदुस्थान समाचार को बताया कि घुघरौना बाबा जो घुघरानी गली के डीह बाबा है, किन्तु पिछली सरकारों में ध्यान न देने के कारण व उनकी तुष्टिकरण की नीति के कारण कुछ लोगो ने इस स्थान पर कब्जा कर लिया। पौराणिक स्थान पर कब्जा ही नहीं हुआ, वहां मकान भी बन गया। नगर निगम की बैठक में महापौर अशोक ने मेरे द्वारा पूछे गए प्रश्न पर आदेश जारी करते हुए एक सप्ताह के अंदर उक्त प्रकरण की जांच कर दूध का दूध व पानी का पानी अर्थात जो सही है, उसको पता लगाने को कहा हैं।
पार्षद इंद्रेश ने कहा कि वाराणसी में पौराणिक स्थल अथवा देव स्थानों को कब्जा करने की यह कोई पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी ऐसी घटना हुई है, जब मुझे प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से संघर्ष करना पड़ा है। घुघरौना बाबा के लिए भी मिनी सदन से सड़क तक संघर्ष किया जाएगा।

## अज्ञात वाहन ने मोटर साईकिल सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश के सुलतानपुर मे बल्दीराय थाना क्षेत्र के भवानीगढ़ गांव के पास बीती रात अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। बाइक सवार दो लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान एक आदमी की मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पीआरबी घायलों को लेकर इलाज हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुची। चिकित्सक ने घायल हरिश्चंद्र(45)पुत्र महराजदीन को मृत घोषित कर दिया। दूसरे घायल राम चरन पुत्र महराजदीन को किया जिला अस्पताल रेफर कर दिया। बल्दीराय कोतवाल नारद मुनि सिंह ने सोमवार को बताया कि प्रार्थना पत्र मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा ।

# वाराणसी में सराफा न्यासियों ने मनाया श्रीनाथजी का नंदोत्सव श्रीनाथजी को चांदी का पूजन व श्रृंगार सामग्री समर्पित

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में श्री काशी सराफा अतिथि भवन न्यास में स्थित भगवान श्री श्रीनाथ जी का भव्य मनोरथ श्रृंगार नंदोत्सव का आयोजन रविवार को किया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में दोपहर 12 बजे से शाम चार बजे तक प्रभु श्रीनाथ जी का अलौकिक दर्शन एवं महा प्रसाद पाकर लोग भाव विभोर हुए। पूरा न्यास भवन परिसर जय श्री कृष्णा एवं राधे - राधे के उद्घोष से गुंजायमान होता रहा।
इसके पहले प्रारम्भ में न्यास अध्यक्ष संतोष अग्रवाल एवं मंत्री रवि सर्राफ एवं अन्य पदाधिकारियों ने प्रभु श्री नाथ जी की आरती उतारी। इसमें संजय अग्रवाल, कमलेश चंद्र वर्मा, अनिल चंचल, पवन कुमार मिश्रा, पंकज सर्राफ, मन्नू सोनी, गणेश लाल कसेरा, कमल कुमार सिंह, किशोर सेठ आदि ने भागीदारी की। इस अवसर पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

**--नंदोत्सव पर मणि मंदिर में बंटा ठाकुर जी का खजाना**

दुगार्कुण्ड स्थित मणि मंदिर (धर्मसंघ) में चल रहे तीन दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के तीसरे दिन रविवार को नंदोत्सव की धूम रही। धर्मसंघ पीठाधीश्वर स्वामी शंकरदेव चैतन्य ब्रह्मचारी जी महाराज ने सर्वप्रथम गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा कर भक्तों को नंदोत्सव की बधाई दी। इसके उपरांत



स्वामी शंकरदेव ने भक्तों में बधाई स्वरूप खिलौने, टॉफी, बिस्कुट, चॉकलेट, फल, मिठाई आदि का वितरण किया। इसके बाद उन्होंने भक्तों में माखन मिश्री और ठाकुर जी के खजाने का भी वितरण किया, जिसे पाकर भक्त स्वयं को धन्य करते रहे।
इस मौके पर काशी के कलाकारों द्वारा बधाई एवं सोहर गीत के साथ साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी प्रस्तुतियां हुई। मणि म्यूजिकल ग्रुप के कलाकारों ने राधेकृष्ण की सजीव झाँकी से सबका मन मोह लिया।
वहीं गायक शुभम श्रीतिक त्रिपाठी ने सोहर गीतों से नंदोत्सव के आनन्द को दुगना कर दिया। उन्होंने गणेश वंदना के बाद 'बधैया बाजे काशी नगरिया', 'काशी में सोहर गवाई, जनम लेहलन कन्हइया', 'झुलावे रानी यशोदा आवत ललनवा' आदि से सबको भाव विभोर कर दिया।

## गोरखपुर में सीएम योगी ने सुनी लोगों की समस्याएं



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ जन-समस्याओं के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए।

## प्रयागराज: मुठभेड़ में दो बदमाश गोली लगने से घायल, गिरफ्तार



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज जिले में स्थित जार्जटाउन क्षेत्र में हासिमपुर पुल के समीप वाहन चेकिंग के दौरान सोमवार भोर में मोटरसाइकिल सवार दो बदमाश पुलिस से हुई मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हो गए। दोनो बदमाशों को उपचार के लिए स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।
अपर पुलिस उपायुक्त नगर अभिजीत कुमार ने बताया कि गोली लगने घायल झूंसी थाना क्षेत्र के निवासी आजम खान और मंसूर अहमद हैं। दोनों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। एडीसीपी नगर ने बताया कि सोमवार भोर में शहर क्षेत्र के सभी थाना क्षेत्रों में संदिग्ध वाहन एवं व्यक्तियों के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। वाहन चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्ति हासिमपुर पुल के समीप पुलिस टीम को देखते ही भागने लगे। पुलिस टीम ने पीछा किया तो वे पुलिस टीम पर फायरिंग करने लगे। पुलिस टीम ने भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की। इस दौरान दोनों मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। पुलिस टीम ने तत्काल उपचार के लिए दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया।

# विश्व हिन्दू परिषद ने मनाया अखण्ड भारत संकल्प दिवस, दिया अखंडता का संदेश

**जौनपुर।** विश्व हिन्दू परिषद् व बजरंग दल ने केरार वीर बाबा मन्दिर के पर रविवार को पूरे जोश के साथ अखण्ड भारत दिवस धूमधाम से मनाया।भारत को एक अखण्ड साम्राज्य बनने हेतु विभिन्न आयामों से आए हुए सनातनी हिंदुओं के साथ विस्तृत चर्चा की गई।
कार्यक्रम के मुख्य वक्ता सुरेंद्र सिंह पूर्व विधायक जौनपुर व राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य ने 1947 में भारत के विभाजन की विभीषिका विषय पर कहा कि 15 अगस्त 1947 को भारत आजाद हुआ लेकिन इसके पूर्व 3 जून 1947 को लॉर्ड माउंटबेटन एवं जिन्ना ने भारत पाकिस्तान बंटवारे का खाका खींच दिया था, उस दौरान भारत को धर्म के आधार पर दो हिस्सों में बांट दिया गया। यह दुनिया की ऐसी त्रासदी थी जिसमें लाखों लोगों की जान गई और करोड़ों लोग विस्थापित हो गए। उन्होंने कहा कि उस वक्त अल्प संख्यक मुस्लिम समाज के



बड़े गुट ने स्वयं के लिए अपना देश पाकिस्तान चुन लिया जब कि हिंदुओं के साथ अन्य अल्पसंख्यक भारत में ही रह गए। इस प्रकार हिंदुस्तान को कुल 24 बार विभाजन का सामना करना पड़ा। विभाग मंत्री समरबहादुर सिंह ने विषय पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस दौरान पाकिस्तान के हिस्से में रहे हिंदुओं की आबादी पर जमकर उत्पात भी हुआ। लोग अपना घर बार छोड़ कर एक स्थान से दूसरे जगह भागने लगे थे इस दौरान कट्टरपंथी विधर्मियों ने, जमकर मार काट मचाई।
हजारों बहन बेटियों की इज्जत लूटी गई उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ, उनका घर बार सब कुछ लूट लिया गया। हद तो तब हो गई जब ट्रेनों में हजारों लोगों की लाशें लाद कर भारत पहुंचाई गई। वर्ष 1947 में हुए इस विभाजन को मानव जाति के इतिहास में सबसे विनाशकारी विभाजन में से एक माना गया है।समकालीन भगत सिंह,सुखदेव,राजगुरु ,चंद्रशेखर आजाद आदि क्रांतिकारियों की जीवन चर्चा पर भी प्रकाश डाला गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्व हिंदू परिषद जौनपुर के जिला अध्यक्ष विमल सिंह ने किया तथा मंच संचालन नगर अध्यक्ष अनिल सोनी ने किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रांत मिलन केंद्र प्रमुख आशुतोष, प्रान्त कार्यकारणी सदस्य उदयराज सिंह, जिला मंत्री सुनील मौर्या,जिला संयोजक गणेश मोदनवाल,जिला उपाध्यक्ष साधू तिवारी, सुनील शर्मा जिला प्रचार प्रमुख विश्व हिन्दू परिषद् काशी प्रान्त,कमलापति तिवारी,जिला कार्यकारणी आशीष मिश्रा,मनीष सेठ,जिला प्रचार प्रमुख,सुनील शर्मा नगर संयोजक कुबेर कुशवाहा,सह संयोजक विशाल मोदनवाल, विष्णु ठठेरा, विशाल, आदि अनेक सामाजिक कार्यकर्ता,एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## हम भी काम आ सकते हैं दस हजार भिजवा दो, महिला थाना प्रभारी का ऑडियो वायरल



**महोबा।** जनपद के एक शराब ठेका संचालक और महिला दरोगा का ऑडियो सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें शराब ठेका संचालक व महिला दरोगा के बीच रुपयों को लेकर बातचीत हो रही है। इसमें महिला दरोगा ठेका संचालक से कह रहीं हैं कि हम भी काम आ सकते हैं, 10 हजार भिजवा दो।
वायरल ऑडियो के मामले में जनपद मुख्यालय निवासी शराब ठेका संचालक ने बताया कि रक्षाबंधन के दिन उनकी देशी शराब की दुकान में काफी भीड़ थी। महिला दरोगा यहां से होकर गुजरीं और अच्छी भीड़ देखकर दो दिन बाद फोन करके मुनीम से 20 हजार रुपयों की मांग की। कई बार फोन करने के बाद भी जब रुपये नहीं दिए तो उन्होंने कॉल कर-के रुपयों की मांग की। वायरल ऑडियो में महिला दरोगा कहती सुनाई दे रही हैं कि जितना हो सके करवा दीजिए, इसमें कोई बड़ी बात नहीं है, हम भी काम आ सकते हैं। जितना खुशी से हो सके, हमें 11 बजे तक करवा दीजिए। व्यापारी ने पांच हजार रुपये देने के लिए ऑफर किया तो जवाब में महिला दरोगा ने कहा कि दस से क्या कम करोगे, शर्मिंदा करोगे। शराब ठेका संचालक और महिला दरोगा के बीच बातचीत का यह ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हो गया।

## लखनऊ में धर्म छुपाकर मुस्लिम युवक ने छात्रा से बनाई नजदीकियां, धर्म बदलकर शादी की दी धमकी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के चिनहट इलाके में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई कर चुकी एक छात्रा से नाम बदलकर मुस्लिम युवक ने दोस्ती की और फिर धर्मपरि?वर्तन का दबाव बनाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।
चिनहट कोतवाल ने बताया कि मूलरूप से प्रयागराज की रहनी वाली छात्रा क्षेत्र में दो साल पूर्व 2023 में किराये का मकान में रहकर बीबीडी यूनिवर्सिटी में होटल मैनेजमेंट की पढ़ाई करने आई थी। पढ़ाई के दौरान 2024 में छात्रा के पिता की मौत हो गई जिसके आर्थिक समस्या आ गई। इस पर छात्रा ने जीविका के लिए खान पान की दुकान खोल ली। दुकान पर आते जाते उसकी जान-पहचान ह्यराजह्न नाम के एक युवक से हुई, जो खुद को बाराबंकी निवासी बताता था और चिनहट चौराहे के पास एक गैराज में मैकेनिक का काम करता था।
पीड़ित की ओर दी गई तहरीर में बताया गया कि बीते साल दीपावली 2024 के आसपास दोनों में नजदीकियां बढ़ने पर आरोपित ने छात्रा से शादी का दबाव बनाया।
इस पर छात्रा ने गहराई से उसकी असलियत का पता किया तो जानकारी हुई कि राज असल में मोहम्मद फुरकान है और नाम बदलकर खुद को हिंदू बताया। फुरकान की असलियत जानकर छात्रा ने दूरी बना ली।
लेकिन इस बीच युवक उस पर धर्म परिवर्तन और

## क्लीनिक संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**हाथरस।** कुरसंडा में क्लीनिक संचालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान किशन मुरारी वर्मा (45) के रूप में हुई है। वह कस्बे के आनंद नगर में क्लीनिक चलाते थे।
किशन मुरारी का शव उनकी बगीची के फाटक पर रस्सी के साथ मिला। मौके पर शराब की बोतल, पानी और उनकी बाइक भी मौजूद थी। उनकी पत्नी कुरसंडा इंटर कॉलेज में प्रवक्ता हैं।
घटना शनिवार रात करीब 11 बजे की है। कुरसंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे स्थित बगीची में शव मिलने से पहले, देर रात तक घर न पहुंचने पर परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी।

# विद्युत बिलों में गड़बड़ियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा : ऊर्जा मंत्री

**कानपुर।** विद्युत बिलों में गड़बड़ियों को किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उपभोक्ताओं से आ रही शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया जाए। यदि किसी उपभोक्ता को बिल में त्रुटि की समस्या आती है और समय से उसका समाधान नहीं होता है, तो संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के खिलाफ कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। यह बातें रविवार को नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कही।
उन्होंने अधिकारियों को हिदायत दी कि सभी उपभोक्ताओं को हर हाल में सुरक्षित एवं निर्बाध विद्युत



आपूर्ति मिले। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जहां-जहां लटके तार या जर्जर लाइनें हैं, उन्हें तुरंत सही किया जाए। बरसात और आपदा के समय उपभोक्ताओं की सुरक्षा सर्वोपरि है, इसलिए सभी सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित किए जाएं। सभी ट्रांसफॉर्मरों और विद्युत लाइनों की नियमित जाँच की जाए। लाइन लॉस रोकने और चोरी पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। जनता की शिकायतों के समाधान हेतु हेल्पलाइन और कैंपों के माध्यम से त्वरित कार्यवाही की जाए। उपभोक्ता की संतुष्टि को विभाग की प्राथमिकता बनाया जाए।

## ज्यादा खा कर भी नहीं बढ़ेगा वजन, न्यूट्रिशनिस्ट बताया वेट कंट्रोल करने का बेस्ट तरीका



**वेट कंट्रोल करना उन लोगों के काफी मुश्किल होता है, जिन्हें बार -बार या ज्यादा खाना खाने की आदत होती है. लेकिन अगर आप इस बात का ध्यान रखें की कितनी कैलोरी ले रहें हैं तो वेट को कंट्रोल कर सकते हैं. न्यूट्रिशनिस्ट ने वजन को कम करने के लिए कुछ बेहतरीन टिप्स दिए हैं, जिसमें खाना कम करने की भी जरूरत नहीं है.**

जिन लोगों को बार-बार कुछ न कुछ खाने की आदत होती है, उनके लिए वजन को बढ़ने से रोकना या वजन कम करना किसी चैलेंज से कम नहीं होता है. बार-बार और ज्यादा खाने की आदत हर ज्यादातर लोगों के लिए अच्छी नहीं होती है. हां, जिनका मेटाबॉलिज्म हाई होता है उनके लिए तो चिंता की बात नहीं है. लेकिन अगर आपका मेटाबॉलिज्म लो है तो थोड़ा सा खाने पर भी वजन बढ़ने लगता है.

लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि आप ज्यादा खाना खा कर भी वजन को कंट्रोल रख सकते हैं. जी हैं. न्यूट्रिशनिस्ट मारी ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर कर कुछ ऐसे टिप्स दिए हैं, जिसमें उन्होंने बताया है कि कैसे वो बिना खाने की क्वांटिटी कम किए भी वजन को बढ़ने नहीं दे रही हैं. तो चलिए जानते हैं उनके बताए उन टिप्स के बारे में जिन्हें आप भी आसानी से फॉलो कर सकते हैं.

**न्यूट्रिशनिस्ट मारी नुनेस कैसे रखती हैं वेट को कंट्रोल?**

न्यूट्रिशनिस्ट मारी नुनेस (Mari Nunes) ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है. उन्होंने इसमें बताया कि कैसे वो ज्यादा खाना खाकर भी अपने वजन को बढ़ने नहीं दे रही हैं. वो कहती हैं कि अपनी फैमिली में वो सबसे ज्यादा खाना खाती हैं. लेकिन फिर भी उनका वेट नहीं बढ़ता है. मारी ने बताया कि वो खाने भले ही ज्यादा खाती हों लेकिन इस बाद का ध्यान रखती हैं कि उनकी प्लेट में कितना और कौन सा पोषण हैं.

**कितना खाना खाती हैं मारी ?**

मारी कहती हैं कि, 'मैं रोजाना लगभग 2 किलो खाना खाती हूं और फिर भी कैलोरी डेफिसिट में रहती हूं. इसका मतलब है कि मैं कम कैलोरी वाला लेकिन ज्यादा वॉल्यूम (मात्रा) वाला खाना खाती हूं. मैं कम नहीं खा सकती, मुझे चबाना और भरपेट खाना जरूरी लगता है. परिवार में हमेशा मेरी प्लेट सबसे बड़ी होती है. फर्क सिर्फ इतना है कि आपको किन चीजों पर ध्यान देना है. आप ऐसे फूड्स चुनें जिनसे आपको ज्यादा वॉल्यूम मिलेगा लेकिन कैलोरी कम होगी. इस तरह आप ज्यादा खा पाएंगे, प्लेट भर पाएंगे, खूब चबा पाएंगे लेकिन फिर भी कम कैलोरी लेंगे. '

**कैलोरी डेफिसिट में रहकर खाएं खाना**

मारी बताती हैं कि वो ऐसी डाइट भी बना सकती हैं, जिसमें 1000 कैलोरी है, और यही भी बना सकती हैं जिसमें 10, 000 कैलोरी है. वो कहती हैं कि आप कितना ज्यादा खा रहे हैं ये समस्या नहीं है. बल्कि आप उस खाने में कितनी कैलोरी ले रहे हैं ये बड़ी समस्या है. चलिए जानते हैं किस तरह के फूड खा सकते हैं.

**कम कैलोरी वाले फूड करें एड**

मारी ने बताया कि अगर आप फल खा रहे हैं तो ऐसे फल खाएं जिसमें कैलोरी की मात्रा कम होती है. इसमें स्ट्रॉबेरी, खरबूजा, तरबूज, कीवी, चेरी शामिल है. इसके अलावा अगर मीट खा रहे हैं तो उसमें झींगा (श्रिम्प), तिलापिया या कोई भी सफेद मछ्ली, चिकन ब्रेस्ट, सार्डिन, टूना का सेवन करें. ये कम कैलोरी वाले फूड हैं. कार्ब्स के लिए राजमा/बीन्स, उबले आलू (ठंडे), शकरकंद, मसूर दाल, मटर, कद्दू/स्क्वैश अच्छा ऑप्शन है.

# आजादी के 78 वर्षों में कितने बदले लोकतंत्र के हालात

**ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ये आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं.**



प्रत्येक भारतवासी के लिए 15 अगस्त का दिन गौरव का दिन है क्योंकि इसी दिन भारत को अंग्रेजों की दासता से मुक्ति मिली थी। हालांकि स्वतंत्रता दिवस को लेकर आज भी देश के प्रत्येक नागरिक के दिलोदिमाग में वही जज्बा और उत्साह समाहित है लेकिन जब हर वर्ष स्वतंत्रता के प्रतीक तिरंगे के नीचे खड़े होकर बहुत सारे ऐसे जनप्रतिनिधियों को देश की रक्षा व प्रगति का संकल्प लेते देखते हैं, जो वर्षभर सरेआम लोकतंत्र की धज्जियां उड़ाते देखे जाते हैं तो मन में यही सवाल उठता है कि आखिर ऐसी संकल्प अदायगी से देश को हासिल क्या होता है? देश को आजाद हुए सात दशक से अधिक हो चुके हैं लेकिन आजादी के इन 78 वर्षों में लोकतंत्र के पवित्र स्थल संसद और विधानसभाओं के हालात किस कदर बदले हैं, वह किसी से छिपा नहीं है, जहां अभद्रता की सीमा पार करते जनप्रतिनिधि गाली-गलौच, उठापटक से लेकर कुर्ता-फाड़ राजनीति तक उतर आते हैं। विधानसभाओं की तो क्या बात करें, जब संसद की कार्यवाही ही कभी विपक्ष और कभी स्वयं सत्ता पक्ष द्वारा ही कई-कई दिनों तक लगातार नहीं चलने दी जाए तो राष्ट्र के लिए इससे ज्यादा चिंतनीय स्थिति और क्या हो सकती है? संसद में होने वाले ऐसे हंगामों के कारण प्रति मिनट आम आदमी के करीब ढ़ाई लाख रुपये बर्बाद होते हैं यानी हर एक घंटे में करीब डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होते हैं। अब चूंकि संसद की कार्यवाही प्रतिदिन 6 घंटे चलनी होती है, ऐसे में संसद के दोनों सदनों में दोनों पक्षों के विरोध, हो-हल्ले और शोर के कारण जनता के खून-पसीने की कमाई के प्रतिदिन करीब 9 करोड़ रुपये से अधिक बर्बाद हो जाते हैं।गंभीर चिंतन का विषय है कि वर्षों की गुलामी के बाद मिली आजादी को आज हम जिस रूप में संजोकर रख पाए हैं, वह 78 वर्षों में ही कितना विकृत हो चुका है। आजादी के दीवानों ने कभी सपने में भी नहीं सोचा होगा कि जिस देश को आजाद कराने के लिए वे इतनी कुर्बानियां दे रहे हैं, वहां कुछ दशकों में ही आजादी की तस्वीर ऐसी हो जाएगी। हालांकि स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद देश ने विकास के मार्ग पर तेजी से कदम बढ़ाए और विकास के अनेक सोपान तय किए हैं। तकनीकी कौशल हासिल करते हुए देश अंतरिक्ष तक जा पहुंचा है और चांद पर भी तिरंगा लहरा दिया है। लेकिन महिलाओं से दुर्व्यवहार की लगातार बढ़ती घटनाएं और समाज में अपराधों की बढ़ती सीमा को देख बुजुर्ग तो अब कहने लगे हैं कि गुलामी के दिन तो आज की आजादी से कहीं बेहतर थे, जहां अपराधों को लेकर मन में भय तो व्याप्त रहता था किन्तु कड़े कानून बना दिए जाने के बावजूद अपराधियों के मन में अब किसी तरह का भय नहीं दिखता। 'सैयां भये कोतवाल तो डर काहे का' कहावत हर कहीं चरितार्थ हो चली है। देश के कोने-कोने से सामने आते अबोध बच्चियों और महिलाओं के साथ हो रहे अपराधों के बढ़ते मामले आजादी की बेहद शर्मनाक तस्वीर पेश कर रहे हैं। कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ जिस तरह की दरिंदगी की गई है, ऐसे मामलों को देखते हुए और क्या कहा जाए? देश में महंगाई सुरसा की तरह बढ़ रही है, आतंकवाद की घटनाएं पग पसार रही हैं, आरक्षण की आग रह-रहकर देश को जलाती रहती है। इस तरह के हालात निश्चित तौर पर देश के विकास के मार्ग में बाधक बनते हैं। हर कोई सत्ता के इर्द-गिर्द राजनीतिक रोटियां सेंकता नजर आ रहा है, कोई सत्ता बचाने में लगा है तो कोई गिराने में। संसद और विधानसभाओं में हंगामे आए दिन की बात हो गई है।आजादी के बाद सामाजिक और आर्थिक पहलू पर देश में कमजोर तबके का स्तर सुधारने की नीयत से लागू आरक्षण के राजनीतिक रूप ने देश को आज उस चौराहे पर लाकर खड़ा कर दिया है, जहां समूचा देश रह-रहकर जातीय संघर्ष के बीच उलझता दिखाई देता है। स्वार्थपूर्ण राजनीति ने माहौल को इस कदर विकृत कर दिया है, जहां से निकल पाना संभव ही नहीं दिखता। राजस्थान हो या उत्तर प्रदेश, हरियाणा हो या गुजरात अथवा महाराष्ट्र, आरक्षण के नाम पर उठते विध्वंसक आन्दोलनों की आग में से जब-तब बुरी तरह झुलसते रहे हैं और हर कोई इस तरह के परिवेश का राजनीतिक लाभ लेने की कवायद में जुटा नजर आता है। आजादी के बाद के इन करीब साढ़े सात दशकों में भ्रष्टाचार और अपराध इस कदर बढ़ गए हैं कि आम आदमी का जीना दूभर हो गया है। बगैर लेन-देन के प्रायः कोई कार्य सम्पन्न नहीं होता। बड़े नेता की तो कौन कहे, छुटभैया नेताओं की भी चांदी हो चली है। आजादी के बाद लोकतंत्र के इस बदलते स्वरूप ने आजादी की मूल भावना को बुरी तरह तहस-नहस कर डाला है। यह आजादी का एक शर्मनाक पहलू ही है कि गिने-चुने मामलों को छोड़कर हत्या, भ्रष्टाचार, बलात्कार जैसे संगीन अपराधों से विभूषित जनप्रतिनिधि अक्सर सम्मानित जिंदगी जीते रहते हैं। देश के ये बदले हालात आजादी के कौनसे स्वरूप को उजागर कर रहे हैं, विचारणीय है।

ऐसे बदरंग हालातों में यह सवाल रह-रहकर सिर उठाने लगता है कि आखिर कैसी है ये आजादी? आखिर आजादी का अर्थ क्या है? इस प्रश्न का उत्तर तब तक नहीं दिया जा सकता, जब तक कि यह न जान लिया जाए कि स्वतंत्र होना आखिर कहते किसे हैं? देश को? व्यक्ति को? समाज को? यह जानना भी जरूरी है कि क्या कुछ बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित व्यक्ति, समाज या देश को स्वतंत्र कहा जा सकता है? क्या भोजन, कपड़ा और रहने की व्यवस्था, बीमारी से बचाव, भय-आतंक, शोषण व असुरक्षा से छुटकारा, साक्षर एवं शिक्षित होने के पर्याप्त अवसर मिलना और अन्य ऐसी ही कई बातें मानव के बुनियादी अधिकार नहीं हैं?

क्या शोषण और उत्पीड़न से मुक्ति के संघर्ष को मानव का बुनियादी अधिकार नहीं माना जाना चाहिए? लोकतंत्र के हाशिये पर खड़ी देश की जनता को इस दिशा में फिर से मंथन करना आवश्यक हो गया है कि वह किस तरह की आजादी की पक्षधर है? आज की आजादी, जहां तन के साथ-साथ मन भी आजाद है, सब कुछ करने के लिए, चाहे वह वतन के लिए अहितकारी ही क्यों न हो, या उस तरह की आजादी, जहां वतन के लिए अहितकारी हर कदम पर बंदिश हो। आज की आजादी, जहां स्वहित राष्ट्रहित से सर्वोपरि होकर देशप्रेम की भावना को लीलता जा रहा है, या वह आजादी, जहां राष्ट्रहित की भावना सर्वोपरि स्वरूप धारण करते हुए देश को आजाद कराने में गुमनाम लाखों शहीदों के मन में उपजे देशप्रेम का जज्बा सभी में फिर से जागृत कर सके। इस तरह के परिवेश पर सभी देशवासियों को आजादी के इस पावन पर्व पर सच्चे मन से मंथन कर सही दिशा में संकल्प लेने की भावना जागृत करनी होगी, तभी आजादी के वास्तविक स्वरूप को परिलक्षित किया जा सकेगा।

संपादकीय

# पूंजी के खेल का शिकार बनता मनुष्य, हमेशा जीवित रहने की चाह

विज्ञान की दुनिया बेशुमार चमत्कारों से भरी है, लेकिन ये चमत्कार किसी परी या बौने की जादुई छड़ी से न होकर विज्ञान आधारित नियमों के अनुसार ही होते हैं। हाल में अमेरिका में एक ऐसे बच्चे ने जन्म लिया, जिसे तीस साल पहले सुरक्षित भ्रूण से दुनिया में लाया गया है। इसे दुनिया का सबसे बूढ़ा बच्चा बताया जा रहा है। इसी तरह दुनिया से गायब वुली वोल्फ की वापसी हो चुकी है। डोडो और डायनासोर के बारे में भी कहा जा रहा है कि एक बार वे फिर धरती पर विचरेंगे।

विशालकाय हाथी मैमथ को भी वापस लाने की कोशिश की जा रही है। बहुत सी लुप्त प्रजातियों की वापसी चकित करती है। क्लोनिंग के जरिए जन्मी डाली भेड़ के बारे में तो आपने सुना ही होगा। एक व्यक्ति ने लाखों डालर खर्च करके अपने मृत डागी का क्लोन बनवाया भी था। विज्ञान के जरिए ही मनुष्य चांद तक पहुंचा। अब मंगल ग्रह पर जाने की सोच रहा है। विज्ञान ऐसी तमाम बातों को भी खोजने की कोशिश कर चुका है, जिनमें सफलता नहीं मिली। जैसे कि रसायनशास्त्र के विकास के बारे में कहा जाता है कि उसका विकास अमृत और सोने की खोज के बारे में हुआ। अमृत भारतीय मनीषा में भी बहुत जगह बनाता है। कहते हैं समुद्र मंथन के दौरान यह निकला भी था और देवताओं और दानवों में इसके अधिकार के लिए युद्ध हुआ था।

मनुष्य मृत्यु से बहुत डरता है। वह हमेशा जीवित रहना चाहता है। चिकित्सा विज्ञान ने उसे अब लंबी आयु भी प्रदान की है, लेकिन मृत्यु पर विजय अभी तक नहीं पाई जा सकी है। स्पेन के एक गांव में लोगों से कहा जाता है कि उन्हें मरना नहीं है। इसलिए वे ज्यादा से ज्यादा स्वस्थ रहें। एक ऐसी कथा भी है कि एक राजा ने अमरता का वरदान प्राप्त कर लिया था। फिर वह ऐसे स्थान पर पहुंचा,जहां लोग अमर थे। वे जीवन से ऊब चुके थे। मरना चाहते थे, लेकिन मर नहीं सकते थे। यह दुनिया विविध विचारों से भरी हुई है। अभी पिछले दिनों खबर आई कि जर्मनी की एक बायो लैब शवों को सुरक्षित करना चाहती है, ताकि भविष्य में यदि विज्ञान का इतना विकास हो जाए कि मृत व्यक्ति को जीवित किया जा सके, तो इन्हें फिर से जीवित किया जा सकेगा। यह लैब इसके लिए दो लाख डालर लेगी। अब तक छह सौ से अधिक लोगों ने उसके यहां बुकिंग कराई है। इसे क्रायो प्रिजर्वेशन का नाम दिया गया है। इस प्रक्रिया के बारे में लैब ने बताया है कि मृत्यु के बाद शरीर को बेहद ठंडे तापमान पर सुरक्षित किया जाएगा, ताकि शरीर के ऊतकों को कोई नुकसान न पहुंचे और वापस वे जीवित किए जा सकें। बायो लैब का कहना है कि उसे व्यक्ति के इस दुनिया से जाने के बाद फौरन सूचना मिलनी चाहिए, क्योंकि इस प्रक्रिया में देरी ठीक नहीं होगी। यह दुनिया की पहली ऐसी लैब बताई जा रही है। जल्दी ही यह लैब अमेरिका में भी अपना काम शुरू करने वाली है। यह भी कहा जा रहा है कि मृत दिमाग को दोबारा से काम के योग्य बनाना असंभव है, क्योंकि दिमाग की संरचना बहुत जटिल होती है। इसे अब तक समझा नहीं जा सका है। मान लीजिए ये लोग पांच सौ साल बाद जीवित हो भी गए, तो क्या उस बदली हुई दुनिया से दोबारा तालमेल बिठा पाएंगे? बहुत साल पहले मन्मथनाथ गुप्त का एक उपन्यास पढ़ा था, जिसमें एक व्यक्ति मृत्यु के बहुत साल बाद जीवित हो जाता है। वह बदली हुई दुनिया को चकित नजर से देखता है।

भारत में तमाम लोग पुनर्जन्म में विश्वास करते हैं। वे सोचते हैं कि मनुष्य की मृत्यु का मतलब है, पुराने कपड़ों को बदलना, क्योंकि फिर से मनुष्य जन्म लेगा। यहां तो लोग जीवन-मृत्यु के चक्र से मुक्त होने के लिए मोक्ष की कल्पना भी करते हैं, लेकिन अन्य बहुत से पंथों में लोग मानते हैं कि जीवन सिर्फ एक बार ही मिलता है। इसलिए वे लंबी उम्र तक जीना चाहते हैं। इसके लिए तरह-तरह के प्रयास करते हैं। जीवन खत्म हो जाए, तो दोबारा कैसे जीवित हों, इसकी कल्पना इसी सोच का परिणाम है। यह एक तरह से अमरता की चाहत ही है। इसीलिए कंपनियां पैसा कमाने के लिए इस सोच का फायदा उठाती हैं।

# पूरे देश के आवारा कुत्तों पर कार्रवाई क्यों नही

**सवाल यह है कि ये आदेश दिल्ली/एनसीआरके लिए ही क्यों हैं। देश में भी तो नागरिक रहते हैं। उनके लिए क्यों नही। आवारा कुत्तों का आंतक तो पूरे देश में है। देश में कुत्तों के काटने से औसतन प्रति वर्ष 29 हजार से ज्यादा व्यक्ति मरते हैं। यह तो संख्या वह है जो रिपोर्ट हो जाती है।**



दिल्ली एनसीआर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली/ एनसीआर के नागरिक प्रशासन और स्थानीय निकाय को सख्त निर्देश जारी किए हैं। इनमें आवारा कुत्तों को पकड़ने, उनकी नसबंदी करने और उन्हें आश्रय गृह में रखने के निर्देश दिये गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर कोई व्यक्ति या संगठन आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में अड़ंगा डालता है तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि %एनसीटी-दिल्ली, एमसीडी, एनएमडीसी तुरंत आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए अभियान शुरू करें और खासकर उन इलाकों में जहां आवारा कुत्तों का खतरा ज्यादा है। पीठ ने स्थानीय निकायों को निर्देश दिया कि आठ हफ्तों में वे आवारा कुत्तों को रखने के लिए आश्रय स्थल बनाने की जानकारी दें। अदालत ने कहा कि आवारा कुत्तों के खिलाफ कार्रवाई में कोई समझौता नहीं किया जाना चाहिए। अगर कोई व्यक्ति या संगठन इस काम में आड़े आए तो उसके खिलाफ भी कार्रवाई करें। पीठ ने ये भी कहा कि %एमसीडी/एनडीएमसी और दिल्ली एनसीआर के संबंधित प्राधिकरण दैनिक आधार पर आवारा कुत्तों को पकड़ने का रिकॉर्ड रखें और पकड़े जाने के बाद एक भी आवारा कुत्ता वापस छोड़ा नहीं जाना चाहिए और सभी को आश्रय स्थल में रखा जाए।% पीठ ने कहा कि अगर इस मामले में लापरवाही की गई तो हम सख्त कार्रवाई करेंगे। अदालत ने कहा आवारा कुत्तों के बारे में शिकायत मिलने के चार घंटे के भीतर कार्रवाई होनी चाहिए और कुत्तों की नसबंदी के बाद उन्हें वापस पुरानी जगह न छोड़ा जाए। अदालत ने कहा कि रेबीज की वैक्सीन की उपलब्धता भी चिंता का कारण है। अदालत ने वैक्सीन की उपलब्धता की भी पूरी रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि नवजात, छोटे बच्चे किसी भी कीमत पर इन आवारा कुत्तों के शिकार नहीं बनने चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने एक हेल्पलाइन स्थापित करने के भी निर्देश दिए। पीठ ने कहा कि एक हफ्ते में हेल्पलाइन स्थापित की जाए, ताकि इस पर लोग कुत्तों के काटने की घटनाओं को रिपोर्ट कर सकें। न्यायालय ने कहा कि आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में रखें, अड़ंगा डालने वालों पर कार्रवाई करें। और जानें

जस्टिस पारदीवाला ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि नसबंदी हो चुकी है या नहीं, सबसे पहली चीज है कि समाज आवारा कुत्तों से मुक्त होना चाहिए। एक भी आवारा कुत्ता शहर के किसी इलाके या बाहरी इलाकों में घूमते हुए नहीं पाया जाना चाहिए। हमने नोटिस किया है कि अगर कोई आवारा कुत्ता एक जगह से पकड़ा जाता है और उसकी नसबंदी करके उसे उसी जगह छोड़ दिया जाता है, ये बेहद बेतुका है और इसका कोई मतलब नहीं बनता। आवारा कुत्ते क्यों वापस उसी जगह छोड़े जाने चाहिए और किस लिए?% पीठ ने कहा कि हालात बेहद खराब हैं और इस मामले में तुरंत दखल दिए जाने की जरूरत है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए सॉलिसिटर जनरल ऑफ इंडिया तुषार मेहता ने भी अदालत से अपील की कि वे इस मामले में सख्ती से दखल दें ताकि आवारा कुत्तों की समस्या का समाधान हो सके। मेहता ने कहा कि नसबंदी से कुत्तों की सिर्फ संख्या बढ़नी रुकती है, लेकिन रेबीज का संक्रमण फैलाने की उनकी क्षमता कम नहीं होती।सवाल यह है कि ये आदेश दिल्ली/एनसीआरके लिए ही क्यों हैं। देश में भी तो नागरिक रहते हैं। उनके लिए क्यों नही। आवारा कुत्तों का आंतक तो पूरे देश में है। देश में कुत्तों के काटने से औसतन प्रति वर्ष 29 हजार से ज्यादा व्यक्ति मरते हैं। यह तो संख्या वह है जो रिपोर्ट हो जाती है। गांव देहात के मामले से रिपोर्ट ही नही हो पाते। न वे खबरों की सुर्खियां बनते हैं।

उत्तर प्रदेश का बिजनौर बहुत छोटा जिला है। यहां हाल ही में 24 जुलाई की शाम थाना अफजलगढ़ क्षेत्र के गांव झाड़पुरा भागीजोत में खेत पर काम कर रहीं 65 वर्षीय वृद्धा को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच कर मार डाला। तीन अगस्त को हीमपुर दीपा के गांव गांगू नंगला में हिंसक कुत्ते ने हमला कर दो बच्चों सहित 10 लोगों को बुरी तरह से घायल कर डाला। छह जून 2025 को अफजलगढ़ में पांच साल की बच्ची यास्मीन को आवारा कुत्तों के झुंड ने नोच-नोचकर मार डाला. दरअसल, बच्ची मां के साथ दूध लेने गई थी और पीछे रह जाने पर बच्ची कुत्तों के हि लग गई।23 अक्तूबर 2023 को देश की प्रमुख चाय कंपनियों में से एक वाघ बकरी चाय के एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पराग देसाई का निधन हो गया है। मीडिया खबरों के मुताबिक 49 साल के पराग पिछले हफ्ते अहमदाबाद में मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। इस दौरान आवारा कुत्तों ने उन पर हमला कर दिया। खुद को बचाने में वह फिसलकर गिर गए और उन्हें ब्रेन हेमरेज होने से निधन हो गया।भारत सरकार के स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय ने पिछले साल संसद में हुए एक सवाल का जवाब देते हुए बताया कि 2019 में 72 लाख 77 हजार 523 कुत्तों के हमले रिपोर्ट हुए। वहीं साल 2020 में कुल 46 लाख 33 हजार 493 कुत्तों के हमलों रिपोर्ट हुए, जबकि साल 2021 में कुल 1701133 कुत्तों के काटने के मामले रिपोर्ट हुए। साल 2022, जुलाई तक भारतीय लोगों पर हुए कुत्तों के हमले की कुल संख्या स्वास्थ्य एंव परिवार कल्याण मंत्रालय के अनुसार, 14 लाख 50 हजार 666 थी। इन हमलों में कई लोगों ने अपनी जान भी गंवाई है। ये हमले आवारा और पालतू दोनों कुत्तों के हैं। इसके साथ ही इन हमलों के शिकार, बच्चे, बुजुर्ग और जवान तीनों हुए हैं।

साल 2018 में मेडिकल जर्नल लैंसेट में छापी इस रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत में हर साल 20 हज़ार लोग रेबीज के कारण मरते हैं, इनमें से ज्यादातर रेबीज के मामले कुत्तों द्वारा इंसानों तक पहुंचे हैं।ऐसा नहीं है कि हर कुत्ते के काटने से आपको रेबीज हो सकता है, लेकिन ज्यादातर आवारा कुत्तों के काटने से रेबीज का खतरा रहता है। कुत्तों के इन हमलों के सबसे ज्यादा शिकार छोटे बच्चे, महिलाएं और जवान होते हैं।सुप्रीम कोर्ट को यह समझना होगा कि अवारा कुत्तों की परेशानी दिल्ली-एनसीआर में ही नहीं है, ये पूरे भारतवर्ष की समस्या है। देश के देहात के तो हडवार (मरे जानवर डालने के स्थान के पास) रहने वाले कुत्ते तो और भी ज्यादा खतरनाक होते हैं। ये महिलाएं, बीमार और बच्चों समेत अकेले आते जाते व्यक्ति को मारकर उसके मांस से अपना पेट भरतें हैं। आवारा कुत्तों की समस्या भारत व्यापी है।

## रुपये में दो पैसे की मामूली मजबूती

**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में लौटी तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों के फिर लिवाल होने से बीते सप्ताह रुपये में भी साप्ताहिक तेजी दर्ज की गई। अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में स्वतंत्रता दिवस के अवकाश के कारण गत सप्ताह चार दिन ही कारोबार हुआ। इस दौरान भारतीय मुद्रा उतार-चढ़ाव से गुजरती हुई दो पैसे की मजबूती के साथ 87.61 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुई। इससे पहले के सप्ताह में रुपया 0.49 प्रतिशत टूटकर 87.59 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। शेयरों बाजारों की साप्ताहिक तेजी से रुपये को समर्थन मिला। गत सप्ताह प्रमुख सूचकांकों में करीब एक प्रतिशत की बढ़त देखी गयी। इसके अलावा बैंकों ने भी डॉलर की बिकवाली की जिससे रुपये को समर्थन मिला।

## अंडमान के द्वीपों पर 'इको-टूरिज्म' रिसॉर्ट बनाने के लिए प्रमुख आतिथ्य कंपनियों ने दिखाई रुचि

**पोर्ट ब्लेयर।** अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए टाटा समूह की आईएचसीएल और हयात होटल समेत कई प्रमुख होटल कंपनियों ने चार स्थानों पर 'इको-टूरिज़्म' रिसॉर्ट विकसित करने में रुचि दिखाई है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक ये रिसॉर्ट नील द्वीप, अवास द्वीप, लॉन्ग द्वीप और स्मिथ द्वीप पर बनाए जाएंगे। यह परियोजना सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल पर आधारित होगी। प्रशासन पोर्ट ब्लेयर स्थित मेगापोड रिसॉर्ट को भी नए स्वरूप में विकसित करने की योजना बना रहा है। अंडमान निकोबार द्वीप समूह एकीकृत विकास निगम लिमिटेड (एनआईआईडीसीओ) ने 28 जुलाई को निविदाएं आमंत्रित की थीं। बोली से पहले 14 अगस्त को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये आयोजित बैठक में द लीला, क्लब महिंद्रा, हयात, अंबुजा नेओटिया हॉस्पिटैलिटी, शैलेट होटल्स, जुनिपर होटल्स, द पार्क, पोलो होटल्स और जीवीके ग्रुप जैसी कंपनियों ने भाग लिया। एनआईआईडीसीओ की प्रबंध निदेशक चंचल यादव ने बताया कि बैठक में निवेशकों को सुझाव देने और सवाल पूछने का अवसर दिया गया। उन्होंने कहा, हमारा लक्ष्य अंडमान और निकोबार द्वीप समूह को प्रकृति-आधारित और टिकाऊ पर्यटन का वैश्विक गंतव्य बनाना है। सितंबर के पहले हफ्ते में निवेशकों को परियोजना स्थलों का दौरा कराया जाएगा।

## किआ इंडिया ने कैरेन्स क्लैविस, कैरेन्स क्लैविस ईवी की चार महीने में 21,000 बुकिंग की

**नयी दिल्ली।** भारत में प्रीमियम गाड़ियां बनाने वाली किआ इंडिया ने हाल में पेश हुई कारों कैरेन्स क्लैविस और कैरेन्स क्लैविस ईवी की बुकिंग में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। पेशकश के सिर्फ चार महीनों के भीतर कंपनी के इन दोनों मॉडलों की कुल बुकिंग 21,000 से ज्यादा हो गई है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि भारत में परिवारों के बीच किआ की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है, क्योंकि उसकी गाड़ियां पेट्रोल-डीजल वाले मॉडलों के साथ ही पर्यावरण के अनुकूल ईवी संस्करण में भी उपलब्ध है। किआ इंडिया के मुख्य बिक्री अधिकारी जूनसू चो ने कहा, 'हमें अपनी कैरेन्स क्लैविस और कैरेन्स क्लैविस ईवी मॉडलों को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया से बहुत खुशी है। यह मजबूत मांग इस बात का सबूत है कि ग्राहक किआ पर कितना भरोसा करते हैं, और यह हमारे वाहनों में नवाचार, सुरक्षा और आराम लाने की हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। हमें गर्व है कि हमारे पेट्रोल-डीजल और इलेक्ट्रिक, दोनों मॉडल भारतीय ग्राहकों को बहुत पसंद आ रहे हैं।'

## बिहार में निवेश को बढ़ावा देने के लिए नीतीश ने 'विशेष आर्थिक पैकेज' की घोषणा की

**पटना।** बिहार में निवेश को बढ़ावा देने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने निवेशकों के लिए कई 'विशेष आर्थिक पैकेज' की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के माध्यम से सरकार के इस निर्णय की घोषणा की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर नीतीश कुमार ने पोस्ट किया, हमारी सरकार ने अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को नौकरी और रोजगार देने का लक्ष्य रखा है। सरकार राज्य में उद्योग स्थापित करने और स्वरोजगार अपनाने वालों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान करके प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा, अब बिहार में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा। बिहार में निजी क्षेत्रों को उद्योग लगाने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु सरकार ने विशेष आर्थिक पैकेज देने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री ने कहा, ये सभी सुविधाएं अगले छह महीनों के भीतर उद्यमियों को उद्योग स्थापित करने के लिए उपलब्ध करा दी जाएंगी। इसके अतिरिक्त, राज्य में उद्योग स्थापित करने वाले उद्यमियों की महत्वपूर्ण सहायता के लिए कई अन्य प्रावधान भी किए गए हैं। इस संबंध में विस्तृत अधिसूचना अलग से जारी की जाएगी। कुमार ने कहा, निवेशकों/उद्यमियों के लिए विशेष आर्थिक पैकेज में पूंजी अनुदान, ब्याज अनुदान और जीएसटी से संबंधित प्रोत्साहन राशि को दोगुना किया जाएगा। सभी जिलों में उद्योग लगाने के लिए भूमि की व्यवस्था की जाएगी और जो उद्योग अधिक रोजगार देंगे, उन्हें निःशुल्क भूमि उपलब्ध कराई जाएगी। उद्योगों के लिए आवंटित भूमि से जुड़े विवादों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2020 में 'सात निश्चय-2' पहल के तहत राज्य सरकार ने 50 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी और रोजगार उपलब्ध कराने का लक्ष्य पूरा किया था। अब सरकार का लक्ष्य अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का है।

# ई30 के लिए पाँच साल में 5,100 करोड़ के निवेश की जरूरतः सियाम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जीवाश्म ईंधनों में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण (ई20) का लक्ष्य हासिल करने के बाद भविष्य की दिशा पर जारी एक हालिया रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2030 तक 30 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण के लिए 5,100 करोड़ रुपये से ज्यादा के निवेश की जरूरत होगी।भारतीय वाहन निर्माता कंपनियों के संगठन सियाम द्वारा जारी एक संदर्भ पत्र में बताया गया है कि यदि केंद्र सरकार साल 2030 तक ई25 का लक्ष्य तय करती है तो कुल 2,102.6 करोड़ लीटर इथेनॉल की जरूरत होगी। इसमें 1,205.2 करोड़ लीटर इथेनॉल अनाज से और 897.4 करोड़ लीटर गन्ने से बने होने की संभावना है। यह क्षमता हासिल करने के लिए 3,840 करोड़ रुपये के पूँजी निवेश की आवश्यकता होगी। इसी प्रकार यदि सरकार ई30 का लक्ष्य तक करती है तो कुल 5,158 करोड़ रुपये के निवेश की जरूरत होगी ताकि अनाज से 1,338.4 करोड़ लीटर और गन्ने से 996.5 करोड़ लीटर इथेनॉल बनाने की क्षमता हासिल की जा सके।भारत ने तेल आयात कम करने, ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता बढ़ाने और नवीकरणीय ईंधनों के इस्तेमाल को बढ़ावा देने के लिए साल 2003 में पाँच प्रतिशत के लक्ष्य के साथ देश के नौ राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों में इथेनॉल मिश्रण का कार्यक्रम शुरू किया था। इसकी शुरुआत धीमी रही और कार्यक्रम में शामिल राज्यों की संख्या बढ़ाये जाने के बावजूद वित्त वर्ष 2016-17 तक हम दो प्रतिशत तक ही पहुँच पाये थे। लेकिन सरकार की नीतियों के कारण 2025 में भारत ने 20 प्रतिशत मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लिया है। खासकर राष्ट्रीय जैव ईंधन नीति में इथेनॉल बनाने के लिए अनाज के इस्तेमाल की अनुमति देने के बाद इथेनॉल की उपलब्धता बढ़ने से यह लक्ष्य हासिल करना संभव हो सका है। सियाम ने सुझाव दिया है कि आने वाले समय में इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य तय करने से पहले तीन जरूरी कारकों पर सरकार को ध्यान देना चाहिये। पहला कारक है फीड स्टॉक सिक्योरिटी यानी गन्ना या अनाज अथवा दूसरी फसलों की उपलब्धता जिससे इथेनॉल बनाया जा सके। दूसरा कारक है वाहन निर्माता कंपनियों का अपने इंजनों में बदलाव करने में सक्षम होना। तीसरा कारक है सरकार का समर्थन। संदर्भ पत्र में कहा गया है कि खाद्य सुरक्षा से समझौता किये बिना इथेनॉल उत्पादन बढ़ाने के लिए सरकार को गन्ने की खेती को तेजी से बढ़ावा देने चाहिये। साथ ही बचे हुये चावल भंडार का भी युक्तिसंगत इस्तेमाल करना चाहिये। इसमें बताया गया है कि यदि सरकार साल 2030 तक ई30 का लक्ष्य रखती है तो 335 लाख टन अनाज और 460 लाख टन गन्ने की जरूरत होगी। इससे खाद्य आपूर्ति श्रृंखला और जमीन, पानी तथा उर्वरक जैसे संसाधनों पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। सियाम ने सरकार से ई85 दुपहिया वाहन खरीदने पर कम से कम 35 प्रतिशत छूट देने की माँग की है ताकि माइलेज में नुकसान के बावजूद ग्राहक उसकी तरफ आकर्षित हो सकें।

SIAM
Society of Indian Automobile Manufacturers

## चावल-चीनी नरम, गेहूं महंगा, दालें सस्ती, खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह गेहूँ के औसत भाव बढ़ गये जबकि चावल में गिरावट रही। गुड़ और चीनी के साथ दालों में भी नरमी रही। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव देखा गया। घरेलू थोक बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 17 रुपये घटकर सप्ताहांत पर 3,785.57 रुपये प्रति क्विंटल पर रही। वहीं, गेहूँ पाँच रुपये महँगा होकर 2,854.79 रुपये प्रति क्विंटल के भाव बिका। आटे की कीमत आठ रुपये उतर गयी और यह 3,309.36 रुपये प्रति क्विंटल हो गया गया। वनस्पति की औसत कीमत में 38 रुपये प्रति क्विंटल की साप्ताहिक तेजी देखी गयी। पाम ऑयल भी 19 रुपये प्रति क्विंटल महँगा हुआ। सप्ताह के दौरान सूरजमुखी तेल 23 रुपये और सोयो तेल 49 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सरसों तेल और मूँगफली तेल के दाम स्थिर रहे। बीते सप्ताह दाल-दलहनों के औसत भाव टूट गये। दलहन बाजार में चना दाल औसतन 21 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। मसूर दाल 20 रुपये और तुअर दाल



76 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई। उड़द दाल और दाल मूंग 43-43 रुपये प्रति क्विंटल उतर गयी।

गुड़-चीनी : बाजार में गुड़ के औसत भाव करीब 28 रुपये प्रति क्विंटल उतर गये। चीनी भी 16 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती हुई।

## विकसित राष्ट्र की बुनियाद कारोबार की स्वतंत्रता पर : अनिल अग्रवाल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** खनिज और धातु कारोबार जगत के दिग्गज उद्यमी और वेदांता लिमिटेड के अध्यक्ष अनिल अग्रवाल ने कहा है कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बुनियाद देश में कारोबार की आजादी से हो कर ही निकलेगी। इसके लिए उन्होंने अनुकूल नीति पर बल दिया है।

उन्होंने एक बयान में रविवार को कहा , 'आर्थिक स्वतंत्रता सबसे महत्वपूर्ण कारक है जो यह तय करेगा कि भारत 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनेगा या नहीं।' भारत को 'उद्यमियों का देश' बताते हुए, उन्होंने ऐसी नीतियों और अवसरों का आग्रह किया जो नवप्रवर्तकों को अपनी ऊर्जा और दूरदर्शिता को देश के विकास में लगाने की स्वतंत्रता प्रदान करें। श्री अग्रवाल ने भारत के प्रचुर प्राकृतिक संसाधनों के जिम्मेदारी युक्त दोहन और रक्षा एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में अपनी



क्षमता का दोहन करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि ये क्षेत्र देश को वैश्विक नेतृत्व की ओर अग्रसर कर सकते हैं।

वेदांता प्रमुख ने भारत की संभावनाओं के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुये कहा '' सामूहिक दृढ़ संकल्प के साथ, भारत 2047 तक सबसे मजबूत और सबसे समृद्ध राष्ट्रों में से एक बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त कर लेगा।''

इसके लिए उन्होंने यह भी कहा कि भारत की प्रगति युवाओं के लिए शिक्षा की बाधाओं को दूर करने, महिलाओं के लिए वित्तीय स्वतंत्रता का विस्तार करने और राष्ट्र की नींव को मजबूत करने के लिए प्रत्येक बच्चे के लिए पोषण और मूल्य सुनिश्चित करने पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा, 'इन शक्तियों का उपयोग कर, भारत न केवल आत्मनिर्भरता प्राप्त करेगा, बल्कि नवाचार और स्वस्थ विकास का एक वैश्विक केंद्र भी बनेगा।'

## देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 47 फीसदी बढ़ा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** । देश के इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात में चालू वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 47 फीसदी की तीव्र वृद्धि दर्ज हुई है। ये सालाना आधार पर बढ़कर 12.4 अरब अमरीकी डॉलर तक पहुंच गई।

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने 'एक्स' पोस् पर जारी एक बयान में बताया कि भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 की पहली तिमाही में 47 फीसदी बढ़कर 12.4 अरब यूएस डॉलर तक पहुंच गई है। गोयल ने बताया कि यह %मेक इन इंडिया% की एक सुखद सफलता की कहानी है, जिसके कारण वित?त वर्ष 2014-15 से शुरू हुए एक दशक में हमारे इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन में 31 अरब डॉलर से लेकर 133 अरब डॉलर तक की अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। वाणिज्य मंत्री ने आगे कहा कि हमारी सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई प्रयास




किए हैं। इसके परिणामस्वरूप 2014 में हमारे पास केवल 2 मोबाइल विनिर्माण इकाइयां थीं, जो आज बढ़कर 300 से अधिक हो गई हैं। उन?होंने कहा कि एक मोबाइल आयातक से दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल फोन निर्माता बनने तक का हमारा सबसे बड़ा सफर रहा है।

गोयल ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र ने सौर मॉड्यूल, नेटवर्किंग उपकरण, चार्जर एडेप्टर और इलेक्ट्रॉनिक पुर्जों के साथ बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं, जो हमारे निर्यात को मजबूत करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

# अमेरिकी टैरिफ पर मुख्यमंत्री स्टालिन ने प्रधानमंत्री से हस्तक्षेप की मांग की

एजेंसी

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर तमिलनाडु पर संयुक्त राज्य अमेरिका के 50 फीसदी टैरिफ के व्यापक प्रभाव पर प्रकाश डाला है, जिसमें निर्यात-उन्मुख क्षेत्रों में छंटनी का खतरा भी शामिल है। मुख्यमंत्री स्टालिन ने 50 फीसदी अमेरिकी टैरिफ को लेकर गंभीर प्रभावों पर चिंता जताते हुए प्रधानमंत्री से राज्य के औद्योगिक क्षेत्र पर पड़ने वाले प्रभाव और व्यापार बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने केंद्र सरकार से निर्यातकों का समर्थन करने के लिए एक विशेष वित्तीय राहत पैकेज प्रदान करने सहित तत्काल उपाय करने का आग्रह किया है। स्टालिन ने पत्र में लिखा, मैं आपके ध्यान में तमिलनाडु के



लिए चिंता का विषय लाना चाहता हूं, क्योंकि वर्तमान 25 फीसदी टैरिफ और इसके 50 फीसदी तक बढ़ने की संभावना के कारण इसे गंभीर परिणामों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री को लिखा, कपड़ा, परिधान, मशीनरी, ऑटोमोबाइल, रत्न और आभूषण, चमड़ा, जूते, समुद्री उत्पाद और रसायन क्षेत्र इस टैक्स से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। यह और भी चिंताजनक है कि ये सभी क्षेत्र श्रम-प्रधान उद्योग हैं और निर्यात में किसी भी मंदी से बड़े पैमाने पर नौकरियां कम होंगी। मुख्यमंत्री ने लिखा, वह प्रधानमंत्री का ध्यान तमिलनाडु के एक चिंताजनक मुद्दे की ओर खींचना चाहते हैं, जो मौजूदा टैरिफ वृद्धि के कारण गंभीर प्रभावों का सामना कर रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले वित?त वर्ष में भारत के कुल 433.6 अरब डॉलर के व्यापारिक निर्यात का 20 फीसदी अमेरिका को भेजा गया, जबकि तमिलनाडु के 52.1 अरब डॉलर के कुल माल का 31 फीसदी अमेरिका को निर्यात किया गया। उन्होंने कहा कि क्योंकि तमिलनाडु अमेरिकी बाजार पर अत्यधिक निर्भर है, इसलिए टैरिफ का प्रभाव भारत के अन्य राज्यों की तुलना में तमिलनाडु पर अधिक पड़ेगा। इससे तमिलनाडु के विनिर्माण क्षेत्र और रोजगार पर भी विपरीत प्रभाव पड़ेगा, जबकि अमेरिकी टैरिफ से विभिन्न क्षेत्रों में लाखों लोगों की आजीविका को खतरा पैदा हो गया है। स्टालिन ने प्रधानमंत्री से संबंधित मंत्रालयों और उद्योग हितधारकों के परामर्श से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है।

## भारी बारिश से मुंबई हवाई अड्डे पर उड़ान सेवा प्रभावित

एजेंसी

**मुबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में शनिवार सुबह से ही भारी बारिश के कारण छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट (सीएसएमआई) पर उड़ान संचालन प्रभावित हुआ है। इसके मद्देनजर कई एयरलाइनों- इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा एयर ने यात्रियों को परामर्श जारी किए हैं।वहीं, भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने पूरे दिन अलग-अलग जगहों पर अत्यधिक भारी बारिश होने की चेतावनी जारी की है। इंडिगो एयरलाइंस ने एक्स पर साझा की गयी एडवाइजरी में यात्रियों से आग्रह किया है कि वे शहर के कई हिस्सों में जलभराव के कारण सड़कों पर लगे अवरोधों और धीमी यातायात स्थिति को देखते हुए हवाई अड्डे तक पहुंचने के लिए पहले से योजना बनाएं और अतिरिक्त यात्रा समय को ध्यान में रखें। एयरलाइन ने कहा है कि घर से निकलने से पहले कृपया हमारी वेबसाइट या ऐप के ज़रिए अपनी उड़ान की स्थिति जांच लें। हमारी टीमें देरी को कम करने और हर कदम पर आपका साथ देने के लिए स्थिति पर कड़ी नजर रख रही हैं। साथ ही एयरलाइन ने व्यवधान के दौरान यात्रियों को सहायता का आश्वासन भी दिया है। आपके धैर्य के लिए धन्यवाद। हम हर कदम पर आपके साथ हैं। अकासा एयर ने एक्स पोस्ट में लिखा, मुंबई, गोवा और पुणे के कुछ हिस्सों में भारी बारिश के कारण, हमें हवाई अड्डे की ओर जाने वाली सड़कों पर धीमी गति से चलने वाले यातायात और भीड़भाड़ की आशंका है। एक सहज यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हम आपसे अनुरोध करते हैं कि अपनी उड़ान के लिए समय पर एयरपोर्ट तक पहुंचने के लिए अतिरिक्त यात्रा समय की योजना बनाएं।

# भारत-आसियान व्यापार समझौते के अगले दौर की समीक्षा बैठक अक्टूबर में

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा वार्ता का अगला दौर इस साल अक्टूबर में जकार्ता में होगा। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई। वार्ता का दसवां दौर इसी महीने (10-14 अगस्त) यहां संपन्न हुआ। वाणिज्य मंत्रालय ने कहा कि संयुक्त समिति ने एआईटीआईजीए (आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौता) की जारी समीक्षा को आगे बढ़ाने पर ध्यान दे रहा है ताकि इसकी प्रभावशीलता, सुगमता और व्यापार सुविधा क्षमताओं को बढ़ाया जा सके।

आसियान भारत का एक प्रमुख व्यापार भागीदार बना हुआ है। इसकी हिस्सेदारी भारत के वैश्विक व्यापार का लगभग 11 प्रतिशत है। बयान के



अनुसार, वर्ष 2024-25 में द्विपक्षीय व्यापार 123 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो दोनों पक्षों के बीच मजबूत आर्थिक संबंधों को दर्शाता है और आने वाले वर्षों में सहयोग बढ़ाने के अवसर पैदा करता है। इसमें कहा गया है, ''अगली एआईटीआईजीए संयुक्त समिति की बैठक छह-सात अक्टूबर 2025 को इंडोनेशिया के जकार्ता स्थित आसियान सचिवालय में होनी है और इसकी मेजबानी मलेशिया करेगा।'' एक अलग बयान में, मंत्रालय ने कहा कि व्यापार और निवेश पर भारत-सिंगापुर संयुक्त कार्य समूह (जेडब्ल्यूजीटीआई) की चौथी बैठक 14 अगस्त को यहां आयोजित की गई थी। इस बैठक में प्राथमिकता वाले क्षेत्रों की पहचान करने, बेहतर समन्वय, लॉजिस्टिक और आपूर्ति श्रृंखलाओं में सुधार, नियामक ढांचों को सुव्यवस्थित करने और सीमा पार व्यापार को सुविधाजनक बनाने के तरीकों पर गौर किया गया। बैठक में सेमीकंडक्टर क्षेत्र और व्यापार के डिजिटलीकरण जैसे क्षेत्रों में चल रहे सहयोग की समीक्षा की गई और कौशल विकास एवं क्षमता निर्माण में संभावित साझेदारियों की खोज की गई। सिंगापुर, आसियान के भीतर भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसका वर्ष 2024-25 के दौरान कुल द्विपक्षीय व्यापार 34.26 अरब डॉलर का होगा। यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) स्रोत भी है।

# सरकार ने निजी वाहनों के लिए 3,000 रुपये का फास्टैग पास लागू किया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने नागरिकों के लिए 'जीवन सुगमता' बढ़ाने हेतु प्रौद्योगिकी के उपयोग को प्रोत्साहित करने के वास्ते पूरे देश में 'फास्टैग वार्षिक पास' लागू कर दिया है। एक सरकारी बयान में यह जानकारी दी गई है। बयान में कहा गया है कि वार्षिक पास को राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। इसमें कहा गया है, ''कार्यान्वयन के पहले दिन शाम 4:30 बजे तक, लगभग 1.2 लाख उपयोगकर्ताओं ने वार्षिक पास खरीदा और सक्रिय किया और टोल प्लाजा पर लगभग 1.24 लाख लेनदेन दर्ज किए गए।'' बयान में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं को एक सहज और किफायती यात्रा विकल्प प्रदान करते हुए, फास्टैग वार्षिक पास एक वर्ष की वैधता के लिए 3,000 रुपये के एकमुश्त शुल्क भुगतान या देश भर में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर 200 टोल प्लाजा क्रॉसिंग के माध्यम से फास्टैग को बार-बार रिचार्ज करने की आवश्यकता को समाप्त करता है। वार्षिक पास वैध फास्टैग वाले सभी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है और राजमार्गयात्रा ऐप या एनएचएआई वेबसाइट के




माध्यम से एकमुश्त शुल्क भुगतान के दो घंटे के भीतर सक्रिय हो जाता है। बयान में कहा गया है कि लगभग 98 प्रतिशत की पहुंच दर और आठ करोड़ से अधिक उपयोगकर्ताओं के साथ, फास्टैग ने देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली में क्रांति ला दी है। बयान में कहा गया है कि वार्षिक पास सुविधा की शुरुआत से न केवल फास्टैग उपयोगकर्ता अनुभव में सुधार होगा, बल्कि राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर यात्रा अधिक किफायती और निर्बाध हो जाएगी।

## मेघालय वर्ष 2032 तक 16 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के रास्ते परः मुख्यमंत्री संगमा

एजेंसी

**शिलांग।** मुख्यमंत्री कॉनराड के संगमा ने कहा कि मेघालय वर्ष 2032 तक 16 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के रास्ते पर है। यहां स्वतंत्रता दिवस समारोह को संबोधित करते हुए, उन्होंने यह भी कहा कि भारत की स्वतंत्रता के 100वें वर्ष 2047 तक मेघालय का लक्ष्य 100 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना और प्रति व्यक्ति आय और सतत विकास लक्ष्यों में देश के शीर्ष 10 राज्यों में शामिल होना है। मुख्यमंत्री ने असम-मेघालय सीमा समझौते में प्रगति, ई-साक्ष्य, ई-एफआईआर को अपनाने और फोरेंसिक क्षमताओं के विस्तार सहित कानून और व्यवस्था में प्रगति का भी उल्लेख किया।उन्होंने कहा, ''वर्ष 2047 तक, जब हम राज्य के 75 वर्ष पूरे होने का जश्न मनाएंगे, हम एक 'विकसित मेघालय' की आकांक्षा रखते हैं, जो प्रति व्यक्ति आय और सतत विकास लक्ष्यों के मामले में भारत के शीर्ष 10 राज्यों में 100 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था हो।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि शिलांग हवाई अड्डे का विस्तार, तुरा में बाल्जेक हवाई अड्डे का संचालन और एक नई क्षेत्रीय परिवहन कार्यक्रम की भी योजना है।

# तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने स्थानीय निवेशकों, आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता जताई

एजेंसी

**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कहा कि उनकी सरकार स्थानीय निवेशकों को सक्रिय रूप से प्रोत्साहित करेगी और उनका लाभ सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी।

रेड्डी ने रियल एस्टेट डेवलपरों की संस्था क्रेडाई की तरफ से आयोजित एक कार्यक्रम में पारदर्शी नीतियों के क्रियान्वयन, निवेश को बढ़ावा देने और निवेशकों को समर्थन देने को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। रेड्डी ने अंतरराष्ट्रीय निवेश



आकर्षित करने के राज्य के प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा, 'हम निवेश और जागरूकता कार्यक्रमों के लिए अमेरिका, सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया, दुबई और दावोस जैसे देशों का दौरा कर रहे हैं। अगर हम विदेश से निवेश आमंत्रित कर रहे हैं, तो हम अपने देश, राज्य और शहर के विकास के लिए काम करने वालों को प्राथमिकता क्यों नहीं देंगे आप सबसे पहले हैं।' इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा कि रियल एस्टेट व्यवसायियों को राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के प्रभाव में नहीं आना चाहिए। रेड्डी ने कहा, 'मैंने ऐसी गलत धारणाओं को दूर करने के लिए ही इस कार्यक्रम में भाग लेने का निर्णय लिया।'

## जम्मू-कश्मीर में उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की योजना बना रहा आईसीएआई

**नई दिल्ली।** चार्टर्ड अकाउंटेंट की शीर्ष संस्था आईसीएआई जम्मू कश्मीर में एक उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की योजना बना रही है। भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान (आईसीएआई) की पहलगाम में आयोजित तीन-दिवसीय परिषद बैठक के दौरान यह प्रस्ताव सामने आया। आईसीएआई की 445वीं परिषद बैठक 12 से 14 अगस्त तक आयोजित की गई थी। आईसीएआई के अध्यक्ष चरणजोत सिंह नंदा ने कहा कि पहलगाम में हुई आतंकवादी घटना के बाद इस जगह पर परिषद के सदस्यों की उपस्थिति दृढ़ता, एकता और आशा का संदेश है। पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए एक आतंकवादी हमले में 26 लोग मारे गए थे।

